
नई दिल्ली
मंगलवार, 13 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 271
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 18
न्यून. 04

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
लोहड़ी की शुभकामनाएं
haribhoomi.com







## संसद में रविवार को पेश होगा आम बजट, बजट सत्र 28 जनवरी से

हरिभूमि फॉलोअप

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** संसद का आगामी बजट सत्र 28 जनवरी से आरंभ होगा। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी, जो उसी दिन पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा कक्ष में दिया जाएगा। राष्ट्रपति का यह अभिभाषण संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में होगा। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, बजट सत्र के दौरान 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री संसद में वर्ष 2026-27 के लिए आम बजट प्रस्तुत करेंगी। बजट को लेकर सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं, राजकोषीय प्रबंधन और विकास योजनाओं पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है। यह सत्र 2 अप्रैल तक चलेगा। पूरे बजट सत्र के दौरान कुल 30 बैठकें प्रस्तावित हैं। सत्र को दो चरणों में संचालित किया जाएगा, जिनके बीच एक अवकाश भी रहेगा। अवकाश के बाद संसद दोबारा बैठकर बजट पर चर्चा, विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों और अन्य महत्वपूर्ण विधायी कार्यों को पूरा करेगी। बजट सत्र को वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण संसदीय सत्र माना जाता है, शेष पेज 7 पर

भारत-जर्मनी के राष्ट्राध्यक्षों के बीच गांधीनगर में हुई द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में बोले पीएम मोदी

# सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर है भारतः प्रधानमंत्री

***दोनों नेताओं ने यूक्रेन, गाजा के मुद्दे पर की चर्चा। जबकि आतंकवाद को बताया समूची मानवता के लिए गंभीर खतरा***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच सोमवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज अपनी पहली दो दिवसीय (12 से 13 जनवरी तक) आधिकारिक यात्रा के तहत भारत पहुंचे। यहां गुजरात की राजधानी गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा कई अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। उच्च-शिक्षा के रोडमैप पर हस्ताक्षर के साथ ही बैठक के अंत में कई एमओयू, संयुक्त घोषणापत्रों का ऐलान किया गया। वार्ता के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा कि भारत सभी समस्याओं और विवादों के न केवल शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने के पक्ष में रहा है। बल्कि इस दिशा में किए जा रहे तमाम प्रयासों का मजबूती के साथ समर्थन करता है। वहीं, दोनों नेताओं ने बैठक में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से अपनी लड़ाई जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई, हिंद-प्रशांत क्षेत्र को दोनों देशों ने उच्च-प्राथमिकता का क्षेत्र बताया और कहा कि इसमें तालमेल को बढ़ाने के लिए हम एक मंत्रणा तंत्र का आगाज करने जा रहे हैं। वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने शेष पेज 7 पर

- बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कुछ एमओयू, संयुक्त घोषणापत्रों पर किए गए हस्ताक्षर
- भारत-जर्मनी के बीच उच्च-शिक्षा के रोडमैप पर भी हुए हस्ताक्षर



### यूक्रेन युद्ध पर चिंतित भारत, जर्मनी

संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने बड़े पैमाने पर जारी मानवीय त्रासदी और नकारात्मक अंतरराष्ट्रीय प्रभावों के बीच यूक्रेन युद्ध को लेकर चिंता जाहिर करते हुए यूएन चार्टर, वैश्विक कानूनों के तहत यूक्रेन में व्यापक शांति स्थापना के प्रयासों में सहयोग को अपना समर्थन प्रदान किया है। उन्होंने गाजा शांति योजना का स्वागत किया और 17 नवंबर को यूएनएससी प्रस्ताव-2803 को समस्या के निदान की दिशा में उठाया गया अहम कदम करार दिया। साथ ही सभी पक्षों से प्रस्तावों को पूर्णतः क्रियान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया। भारत, जर्मनी गाजा के इलाके में बिना रोकटोक के मानवीय सहायता, संगठनों की पहुंच बनाए रखने के भी पक्ष में हैं। मध्य-पूर्व में द्विराष्ट्र समाधान की तर्ज पर विवाद की पूर्ण समाप्ति के लिए जारी प्रयासों में भी सहयोग के लिए दोनों तैयार हैं।

### व्यापक प्रयासों से हो आतंकवाद से मुकाबला

प्रधानमंत्री ने कहा कि बातचीत में मेरे साथ जर्मनी के चांसलर मर्ज ने एकजुटता से आतंकवाद को समूची मानवता के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में स्वीकार किया और इसके विरूद्ध एकजुटता व दृढ़ता से अपनी लड़ाई जारी रखने को लेकर सहमति जताई है। संयुक्त बयान में दोनों ने आतंकवाद और चरमपंथ व इसके सभी प्रकारों, अभिव्यक्तियों की कड़ी शब्दों में निंदा की। साथ ही आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए समस्त वैश्विक समुदाय से संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों, कानूनों के तहत व्यापक प्रयास करने की अपील की है। पहलगाम, दिल्ली आतंकी हमले की भी दोनों नेताओं ने निंदा की और आतंकवादियों, उनके संगठनों (यूएन-1267 प्रतिबंध शेष पेज 7 पर

### भारत में निवेश करें जर्मन कंपनियांः पीएम

द्विपक्षीय व्यापार-निवेश में वृद्धि के बीच दोनों ने मजबूत दो तरफा निवेश पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि इसका वैश्विक सप्लाई चेन की विविधता में निवेश के मामले पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दोनों अपनी पूर्ण आर्थिक क्षमता के साथ एसएमई, स्टार्टअप, डिजिटाइजेशन, एआई, नवाचार सहित आगे बढ़ने पर भी राजी हैं। प्रधानमंत्री ने जर्मन कंपनियों को भारत में निवेश, व्यापार बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है, वर्तमान में इनकी संख्या करीब 2 हजार है। इसी तर्ज पर चांसलर मर्ज ने भी भारतीय कंपनियों को जर्मनी में प्रवेश करने के लिए कहा। भारत-ईयू एफटीए के जल्द समापन पर सहयोग करने के लिए दोनों पक्ष तैयार हैं। दोनों देश एक सुरक्षित, विश्वसनीय और लचीली सप्लाई चेन के निर्माण के लिए मिल कर काम कर रहे हैं। जलवायु, ऊर्जा, शहरी शेष पेज 7 पर

साबरमती आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत को किया नमन

## साबरमती रिवरफ्रंट पर पीएम मोदी संग चांसलर मर्ज ने उड़ाई पतंग



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जर्मनी के बीच आपसी संबंधों के लिहाज से सोमवार का दिन बेहद खास रहा। अपना कार्यभार संभालने के बाद पहली बार चांसलर फ्रेडरिक मर्ज अपनी भारत यात्रा के तहत गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे। यहां हवाईअड्डे पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हुए और कुछ संयुक्त घोषणापत्रों का ऐलान किया गया। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने अहमदाबाद ही नहीं बल्कि पूरे भारत की प्राचीन और समृद्ध विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक साबरमती आश्रम पहुंचे और वहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत को आदरपूर्वक नमन किया। फिर पीएम ने जर्मन चांसलर को आश्रम के बारे में हर छोटी-बड़ी जानकारी दी। अपनी इस मुलाकात शेष पेज 7 पर


### रिवरफ्रंट पर साथ में की पतंगबाजी

दोनों नेताओं ने साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2026 का शुभारंभ करते हुए बेहद गर्मजोशी के साथ इसमें भाग लिया और एक खुली गाड़ी में साथ में पतंग भी उड़ाई। जिसकी आकर्षक तस्वीर सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुई है। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर मर्ज साथ में मुस्कुराते हुए एक पतंग की डोर थामे हुए उसे दूर आसमान में आगे ले जाने की कोशिश करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ने इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में शेष पेज 7 पर




# ट्रंप की धमकियों के बीच नए अमेरिकी राजदूत ने दिए भारत संग संबंधों में सुधार के संकेत

***सोमवार को नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास कर्मियों को पहली बार संबोधित करते हुए बोले सर्जियो गोर***



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


वर्तमान में 500 फीसदी टैरिफ की धमकी से लेकर अन्य मुद्दों पर भारत और अमेरिका के संबंधों में बनी हुई तल्खी का दौर हो सकता है कि आने वाले समय में खत्म हो जाए। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण सोमवार को अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने नई दिल्ली में अपने दूतावास कर्मियों के समक्ष दिए पहले सार्वजनिक भाषण में दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि कोई भी देश अमेरिका के लिए भारत जितना महत्वपूर्ण नहीं है। दोनों व्यापार समझौते को अमलीजामा पहनाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ संपर्क में बने हुए हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच अगली बातचीत मंगलवार (13 जनवरी) को होगी। दोनों देशों के बीच संबंध काफी पुराने हैं और यह लगातार सुधार के साथ मजबूत शेष पेज 7 पर

### अमेरिकी गठबंधन में शामिल हो भारत

गोर ने भारत को दुनिया का सबसे पुराना देश बताया और अपने पहले ही भाषण में अमेरिका की अगुवाई वाले सामरिक गठबंधन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली को आमंत्रित भी कर दिया है। इस गठबंधन को उन्होंने पैक्स सिलिस्का का नाम दिया है। जिसका संबंध जटिल खनिजों, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। मूल रूप से ये सिलिकॉन सप्लाई चेन को बेहतर बनाता है। उन्होंने कहा कि आप और मेरे पास एक लाइफटाइम अवसर है, जिसमें हम कूटनीति को पुनः परिभाषित कर शेष पेज 7 पर

### सच्ची है ट्रंप-मोदी की दोस्ती

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की दोस्ती सच्ची है। जो मतभेदों को सुलझाने में भी मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि सच्चे मित्रों के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन वो अंत में हमेशा ही उनका हल निकाल लेते हैं। वर्तमान में दोनों देशों के संबंध बीते दो दशक के अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। आगामी महीनों और वर्षों में बतौर राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक बेहद महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ाने का होगा। हम इसे सच्ची सामरिक भागीदारी के जरिए आगे बढ़ाएंगे। जो धरातल पर ताकत, सम्मान और नेतृत्व को प्रदर्शित करेगी।



## खबर संक्षेप

### एलजी ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर किया नमन

नई दिल्ली। स्वामी विवेकानंद जयंती यानी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें शत शत नमन किया। एलजी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बाकायदा पोस्ट की और लिखा कि राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी को शत शत नमन। उन्होंने न केवल विश्व को भारतीय संस्कृति और भारतीयता से अवगत कराया, बल्कि पूरी दुनिया के युवाओं से जनकल्याण की राह पर चलने का आह्वान भी किया। एलजी ने लिखा कि उन्होंने मानव जीवन को बेहतर बनाने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका की सामयिक व्याख्या कर अध्यात्म को प्रासंगिक स्वरूप दिया। एलजी ने अपने संदेश में कहा कि आज प्रत्येक युवा को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और विकसित होते भारत की राह में खुद को समर्पित करना चाहिए।

### ओल्ड कोंडली में जेप्टो डिलीवरी कर्मचारी पर हमला

नई दिल्ली। पूर्वी जिले के ओल्ड कोंडली में एक जेप्टो डिलीवरी कर्मचारी पर हमले का मामला सामने आया है। जेप्टो शोरूम के मालिक ने स्टोर के अंदर परफ्यूम इस्तेमाल करने के मामले पर कर्मचारी के साथ मारपीट की। घायल डिलीवरी कर्मचारी की पहचान रिषा कुमार (18) पुत्र लल्ला बाबू निवासी हरिजन बस्ती, अंबेडकर पार्क के पास, ओल्ड कोंडली के रूप में हुई है। कानून की संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास कार की टक्कर से स्कूटर सवार घायल

नई दिल्ली। रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार की टक्कर से 35 वर्षीय स्कूटी सवार घायल हो गया। हादसा रविवार रात 11 बजकर करीब 40 मिनट पर हुआ। घटना के बाद चालक आई20 कार छोड़कर मौके से भाग गया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो का पुलिस ने खंडन किया है, जिसमें इसी हादसे का जिक्र है और दो युवकों के मौके पर ही दम तोड़ने की बात कहीं गई थी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के जरिए मिलने के बाद एक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया था। मौके पर मिले एक घायल व्यक्ति को तुरंत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के चलते उसे बेहतर इलाज के लिये एलएनजेपी के लिए रेफर किया गया। घायल की पहचान सुख नंदन के रूप में हुई है और दुर्घटना के समय वह स्कूटी चला रहा था। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# रोहित गोदरा गैंग का एक लाख का इनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ गैंग के एक लाख के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम विकास उर्फ विक्की बताया गया है। 2023 में गुरुग्राम कोर्ट परिसर के अंदर गैंगवार की बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए रोहित गोदारा गैंग के 10 शूटरों को मदद में विकास का नाम सामने आया था। इस पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र में हत्या की साजिश रचने, अपहरण, लूट, वसूली और अवैध हथियार रखने जैसे 18 गंभीर मामले दर्ज थे। शातिर अपराधी पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित था।

डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व वाली एसआई अमित, यतेंद्र मलिक, एएसआई विकास कुमार, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, राहुल और रविंद्र की टीम ने पकड़ा। विकास गोल्डी बराड़ के लिए काम कर रहा था और गिरोह के लिए फायरिंग, लूट और जबरन वसूली जैसी वारदातों को अंजाम देता था। 23 जून 2025 की रात चाणक्यपुरी क्षेत्र में गश्त के दौरान एक कार से अवैध पिस्टल बरामद हुई थी। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा था। इस दौरान विकास मौके से भागने में कामयाब हो गया था। बाद में उसे केस में भगोड़ा घोषित किया गया था। जेल में रहते हुए वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग के संपर्क में आया। बाद में गिरोह के अंदरूनी मतभेदों के चलते उसने गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा के साथ काम शुरु कर दिया। 2025 में दिल्ली के कई कारोबारियों को गोल्डी बराड़ की ओर से रंगदारी की धमकी भरे कॉल किए गए थे। इसके अलावा चाणक्यपुरी इलाके में एक क्लब के बाहर फायरिंग की साजिश में भी विकास की अहम भूमिका रही थी। इसे उत्तर प्रदेश के लोनी इलाके से गिरफ्तार किया गया।

### पेट्रोलिंग स्टाफ द्वारा 48 घंटे में 72 अपराधी पकड़े

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिले के पेट्रोलिंग स्टाफ द्वारा 48 घंटे के ऑपरेशन में 72 अपराधी सलाखों के पीछे धकेले गये हैं। इनमें आठ ड्रग पेडलर्स शामिल है। इनसे 628 ग्राम गांजा जब्त किया गया। इसके अलावा 15 शराब तस्करों के साथ 345 लीटर अवैध शराब पकड़ी। 13 बदमाशों से 11 चाकू, दो देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार 36 जुआरियों के साथ 1,11,660 रुपये नकद और जुए का सामान भी पकड़ा गया है। इन अचानक छापों और बढ़ी हुई पेट्रोलिंग ने ड्रग पेडलर्स और शराब तस्करों को परेशान कर दिया है, उनमें डर का माहौल है और उनकी सप्लाई चेन में बड़ी बाधा पड़ी है। पुलिस के ये प्रयास अपराध मुक्त माहौल के लिए अथक प्रयास को दर्शाते हैं, जो सक्रिय पुलिसिंग और सख्त प्रवर्तन उपायों के माध्यम से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करें और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करें।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आदर्श नगर के लाल बाग में दोस्तों के साथ छत पर बैठे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत हो गई। मृतक का नाम भविष्य (25) बताया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए, मोर्चरी भिजवाया गया है। भविष्य के पिता ने उसके दोस्तों पर छत से धक्का देने का शक जताया है। पुलिस को शुरुआती जांच में कोई गड़बड़ी की आशंका नजर नहीं आई। बहरहाल मृतक युवक के दोस्तों से पूछताछ और केस की आगे तफ्तीश जारी है।

पुलिस के मुताबिक भविष्य परिवार के साथ मकान नंबर 51, रेलवे रोड, आजादपुर में रहता था। शुरुआती जांच में पता चला कि रविवार शाम को वह अपने दोस्त ललित के घर सी 355, लाल बाग गया था। इनके अलावा शादी नगर, आजादपुर का रहने वाला नितेश तोमर और उसका चचेरा भाई कनिष्क व वंश नामक युवक भी इनके साथ मौजूद थे। सभी युवक छत पर बैठे थे। सूत्रों से पता चला कि शराब पीने के दौरान घर का कोई सदस्य छत पर आ गया था। इसके बाद कुछ युवक बगल की छतों पर कूदकर भागने लगे। इसी दौरान भविष्य गली में गिर गया। उसे दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। उधर भविष्य के पिता राजेश कुमार ने बेटे को छत से धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपों की पड़ताल कर रही है।

# टीबी का समय रहते इलाज होगा सुनिश्चित : डॉ. पंकज सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार के सेंट्रल ट्यूबरकुलोसिस डिवीजन (सीटीडी) से मिला सर्टिफिकेशन ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) खत्म करने के हमारे लगातार प्रयासों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। अब मंजूरी मिलने के बाद राजधानी में टेस्टिंग की बेहतर सुविधा होने से दिल्ली के मरीजों को अब तेजी से क्लिनिकल नतीजे मिलेंगे और ट्यूबरक्लोसिस का समय रहते इलाज सुनिश्चित होगा। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सरकार के इस पहल को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है, जिन्होंने राजधानी दिल्ली में पब्लिक हेल्थ सिस्टम को बेहद मजबूत करने और टीबी को जड़ से खत्म करने की दिशा में प्रगति को तेज करने पर विशेष जोर दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्स, हाई बीपी एलएम अपनाने और बेहतर केस डिटेक्शन क्षमता से 'टीबी मुक्त भारत मिशन' में दिल्ली की लीडरशिप की भूमिका और ज्यादा मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि दिल्ली की क्लिनिकल क्षमता को बढ़ाती है और डीआर-टीबी मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण इलाज और प्रभावी देखभाल को सुनिश्चित करती है, जिससे हम टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य के और करीब पहुंच रहे हैं।

# भलस्वा लैंडफिल साइट की हर महीने ड्रोन सर्वे रिपोर्ट सौंपे : प्रवेश वाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के भलस्वा लैंडफिल की बायो-माइनिंग कार्य की प्रगति की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए हर महीने ड्रोन सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्य की प्रगति की मासिक समीक्षा की जा सके और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जा सके। दिल्ली नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही ने सोमवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को यह जानकारी साझा की। उन्होंने सोमवार को बायो-माइनिंग कार्य का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता के.के शर्मा, क्षेत्रीय उपायुक्त के.सी सुरेंद्र व निगम के अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान प्रवेश वाही ने भलस्वा लैंडफिल साइट पर चल रहे बायो-माइनिंग कार्य की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम भलस्वा लैंडफिल साइट को निर्धारित समय-सीमा दिसंबर 2026 के भीतर पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### बायो-माइनिंग का कार्य तेज़ गति से हो रहा संचालित

नेता सदन प्रवेश वाही ने बताया कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर बायो-माइनिंग का कार्य तेज़ गति से संचालित हो रहा है। साइट पर सभी मशीनें सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं तथा धूल और दुर्गंध को नियंत्रित करने के लिए नियमित रूप से जगह-जगह छिड़काव भी किया जा रहा है। नेता सदन वाही ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर बायो-माइनिंग की दैनिक क्षमता को लगातार बढ़ाया गया है, जो अब 15 हजार टन प्रतिदिन (टीपीडी) तक पहुंच चुकी है। इससे कूड़े के पहाड़ को समाप्त करने की प्रक्रिया में उल्लेखनीय तेजी आई है। बायो-माइनिंग के परिणामस्वरूप मात्र तीन महीने में लगभग 4.5 एकड़ अतिरिक्त भूमि भी भलस्वा लैंडफिल साइट पर खाली कराई जा चुकी है।

# बारापुला फ्लाईओवर पर स्कॉर्पियों डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, छह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले के सनलाइट कालोनी थाना इलाके में सोमवार तड़के बारापुला फ्लाईओवर पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन घायल हुये। हादसा तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार के डिवाइडर से टकराने पर हुआ। सभी युवक कार में सवार थे। मृतक युवक का नाम हर्ष (26) बताया गया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार को तड़के करीब 2.30 बजे सनलाइट कालोनी थाने में स्कॉर्पियो कार से जुड़े सड़क हादसे के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल मिलने पर पुलिस स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा। मौके पर कोई शिकायतकर्ता या घायल व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। बाद में पता चला कि सभी घायलों को पीसीआर वैन से अस्पताल ले जाया जा चुका है। एम्स ट्रॉमा सेंटर से निखिल, गगन (19), हर्ष (26), भीष्म (25), युवराज (20), मान (16) साल और हिमांशु (23) की एमएलसी पुलिस को मिली। मेडिकल जांच के दौरान घायल हर्ष पुत्र विजय को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। शुरुआती जांच में पता चला कि हर्ष कार चला रहा था। जब कार बारापुला फ्लाईओवर के आखिर में रिंग रोड की तरफ पहुंची तो उसका नियंत्रण कार से खो गया और कार डिवाइडर से जा टकराई। इस संबंध में धारा 106/281/125 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जल प्रबंधन से सीवर सुधार तक लागू हो रही हैं परियोजनाएं : चहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा जल प्रबंधन और सीवर प्रबंधन को सुदृढ़ करने, हरित आवरण बढ़ाने तथा पर्यावरण-अनुकूल आधुनिक परियोजनाओं को निरंतर लागू किया जा रहा है, ताकि एनडीएमसी क्षेत्र को स्वच्छ, हरित और भविष्य-तैयार शहर के रूप में विकसित किया जा सके। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दूरदर्शी विज़न के अनुरूप आधुनिक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर एनडीएमसी सदस्य अनिल वाल्मीकि एवं संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने इन महत्वपूर्ण पहलों से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की। चहल ने जानकारी दी कि सतत विकास और संसाधनों के कुशल उपयोग के प्रधानमंत्री के विज़न के तहत एनडीएमसी द्वारा स्मार्ट सिंचाई प्रणाली को अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी नागरिकों को बेहतर, भरोसेमंद और टिकाऊ नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

- **विकसित भारत 2047 के अनुरूप तैयार हो रही है एनडीएमसी**

### यह प्रणाली जल संरक्षण को देगी बढ़ावा

उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत पार्कों, उद्यानों और हरित पट्टियों में आधुनिक, स्वचालित और मैकेनाइज्ड सिंचाई प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे पानी केवल आवश्यकता के अनुसार और आवश्यक स्थान पर ही उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली जल संरक्षण को बढ़ावा देगी, पानी की बर्बादी और जलभराव की समस्या को कम करेगी, पौधों के स्वास्थ्य में सुधार लाएगी, मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करेगी तथा संचालन लागत में भी कमी लाएगी।

# लगातार दूसरे दिन 3 डिग्री वाली कड़ाके की ठंड से ठिठुरी दिल्ली, दो दिन राहत नहीं!

हरिभूमि न्यूज . नई दिल्ली

शिमला मसूरी से ज्यादा ठंडी दिल्ली में लगातार दूसरे दिन न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रहा जिससे राजधानी कड़ाके की ठंड से ठिठुरती रही। दिल्ली के लोधी रोड में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री, सफदरजंग में 3.2 डिग्री, पालम में 3.3 डिग्री और आया नगर में 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि रिज एरिया में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिल्ली में गत तीन दिनों से न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे चल रहा है। ऐसे में चल रही शीतलहर और गिरे हुए पारे ने दिल्ली के लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर रखा है। इसके अलावा घना कोहरा भी दिल्ली की राह में बड़ी रुकावट बना हुआ है। कहा जा सकता है कि इन दिनों कोहरा, लगातार गिरता न्यूनतम पारा और शीतलहर दिल्ली वालों को घरों में रहने को मजबूर कर रही है। मजबूरी में ही लोग घरों से बाहर निकल रहे है। कड़ाके की ठंड व शीतलहर के चलते दिल्ली सरकार ने निजी व सरकारी स्कूलों को 15 जनवरी तक बंद कर रखा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार जहां न्यूनतम तापमान सफदरजंग में 3.2 डिग्री दर्ज हुआ वहीं दिन का अधिकतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। सबसे कम अधिकतम तापमान पालम में 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि अगले दो दिन ऐसे ही मौसम बने रहने की प्रबल संभावना है। आईएमडी ने मंगलवार को कड़ाके की ठंड व कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि मंगलवार को न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के करीब दर्ज हो सकता है, शीतलहर चलेगी और कोहरा भी परेशान कर सकता है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **रवि थापा, पुत्रः स्वर्गीय श्री राकेश थापा निवासीः मकान नंबर 24, गली नंबर 10, सी–ब्लॉक, भजनपुरा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.357/2020 U/S 224 IPC & 12/09/55 जुआ अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना सब्जी मंडी, उत्तरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **रवि थापा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रवि थापा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.357/2020 U/S 224 IPC & 12/09/55 जुआ अधिनियम, थाना सब्जी मंडी, उत्तरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **रवि थापा** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 12.03.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री प्रीति राजोरिया
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07
मध्य जिला न्यायालय, कमरा संख्या 32
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/457/N/2026
(अदालती मामला)


## विज्ञापन यूनिपोल की पहचान बनी बड़ी चुनौती

# दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन राजस्व पर मंडराया रहा खतरा

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आ रही है। निगम के रिकॉर्ड के अनुसार विज्ञापन विभाग से हर वर्ष करीब '400 करोड़ रुपये का राजस्व' प्राप्त होता है, लेकिन हाल के दिनों में राजधानी की मुख्य सड़कों पर विज्ञापन प्रचार के तरीकों में आए बदलाव ने इस आय पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले लगभग एक दशक से दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन विभाग के तहत प्रमुख सड़कों पर 'बड़े-बड़े यूनिपोल' लगाने के ठेके दिए जाते रहे हैं। इन यूनिपोल पर स्पष्ट पहचान चिन्ह और स्टिकर होते थे,



जिससे यह पता चल जाता था कि संबंधित यूनिपोल निगम द्वारा अधिकृत है या नहीं। लेकिन अब स्थिति बदलती नजर आ रही है। 'दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी)' और 'उत्तरी रेलवे' द्वारा भी एजेंसियों को यूनिपोल लगाने के ठेके दिए जा रहे हैं। इसके चलते सड़कों पर लगे यूनिपोल की पहचान करना मुश्किल होता जा रहा है। कई जगहों पर यूनिपोल से पहचान से जुड़े स्टिकर हट चुके हैं, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि यह यूनिपोल किस एजेंसी का है और वैध है या अवैध। वहीं, इस संबंध में निगम प्रशासन से जानकारी मांगी तो प्रशासन की तरफ से कोई जानकारी नहीं मिली।

### पार्षदों ने पहले भी उठाए हैं निगम प्रशासन पर सवाल

निगम विज्ञापन यूनिपोल की पहचान संकट को लेकर निगम पार्षदों ने पहले भी निगम प्रशासन पर सवाल उठाएं हैं। पार्षदों का कहना है कि जब यह तय ही नहीं हो पा रहा कि कौन सा यूनिपोल निगम का है और कौन सा किसी अन्य एजेंसी का, तो अवैध विज्ञापनों पर कार्रवाई कैसे होगी। निगम सूत्रों का मानना है कि इस स्थिति का 'सीधा फायदा उन ठेकेदारों को मिल सकता है', जो वैध यूनिपोल लगाने के लिए अधिकृत तो हैं, लेकिन वैध जैसे दिखने वाले यूनिपोल की आड़ में 'अवैध यूनिपोल लगाने में भी माहिर' हैं। बता दें कि ऐसे मामलों में निगम को न केवल राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि शहर की सुंदरता और यातायात सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ता नजर आ रहा है।

### निगम को झेलना पड़ सकता है 'भारी राजस्व घाटा'

सूत्रों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते 'यूनिपोल की स्पष्ट पहचान, एक समान नीति और सख्त निगरानी व्यवस्था' लागू नहीं की गई, तो आने वाले समय में दिल्ली नगर निगम को 'भारी राजस्व घाटा' झेलना पड़ सकता है। जनहित में यह जरूरी हो गया है कि सभी एजेंसियों के यूनिपोल के लिए अलग-अलग और स्पष्ट पहचान चिन्ह तय किए जाएं, ताकि अवैध विज्ञापनों पर रोक लग सके और निगम के राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।


## निविदा सूचना संख्या. आरएन-एसटी-34-2025-26 तारीखः 05-01-2026 के विपरीत संशोधनी संख्या. 1

**निविदा सूचना संख्या. आरएन-एसटी-34-2025-26 तारीख 05-01-2026** के विपरीत संशोधनी संख्या. 01। **कार्य का नामः** रंगिया मंडल पर नन इंटरलॉकड मैकनिकल लिफ्टिंग बैरियर मे एलसी गेट निरीक्षण पद्धति का प्रावधान कराना।
**आईटम की संशोधित खुलने की तारीख एवं समयः**
**एनआईटी हेडर**

| क्रम संख्या. | फिल्ड का नाम | मौजूदा राशि | संशोधित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | संपूर्ण होने की अवधि | 180 दिन | 270 दिन |
| 2 | निविदा बंद होने की तारीख एवं समय | 06-02-2026 तारीख के 15.00 बजे में | 10-02-2026 तारीख के 15.00 बजे में |
| 3 | बोली प्रारंभ की तारीख | 23-01-2026 | 27-01-2026 |
| 4 | प्री-बीड की आवश्यकता | हैं. | हैं |
| 5 | प्री-बीड की क्वॉरी की तारीख एवं समय | 15-01-2026 तारीख के 11.00 बजे में | 19-01-2026 तारीख के 11.00 बजे में |
| 6 | निविदा दस्तावेज | 1.0 एलसी गेट निरीक्षण हेतु निविदा दस्तावेज, पीडीएफ | 1.01 एलसी गेट निरीक्षण हेतु निविदा दस्तावेज, पीडीएफ |

अन्य नियम एवं शर्त एक जैसी रहेगी।

डीएसटीई, रंगिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

## कृष्ण की इच्छा के बिना तिनका भी नहीं हिलता।

श्री चैतन्य चरितामृत – अंत्य-लीला



### भावपूर्ण स्मृति में

# अग्निवेश अग्रवाल

## (3 जून 1976, पटना - 7 जनवरी 2026, न्यूयॉर्क)

अग्निवेश एक पावन आत्मा थे, जिन्हें **राधे-कृष्ण** ने **गोलोक वृंदावन धाम** में सेवा के लिए बुला लिया। वह निडर और साहसी थे, संगीत और खेल उन्हें बेहद प्रिय थे। वह प्रतिभाशाली व्यवसायी थे, और सबसे बढ़कर एक प्यारे बेटे, भाई और मित्र थे। वह हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

"अग्निवेश, हम सारे वादे पूरे करेंगे।"

**आइए, हम एक साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें :**

**दिनांक :** बुधवार, 14 जनवरी, 2026 | **समय :** शाम 5-7 बजे

**स्थान :** वाईबी चव्हाण सभागार, नरीमन पॉइंट, मुंबई

ऑनलाइन जुड़ें :

**प्रार्थना में :**

**अनिल एवं किरन अग्रवाल, प्रिया एवं आकर्ष हेब्बार, माही**

प्रवीण एवं ज्योति, नवीन एवं रुचिरा, सुमन एवं विमल,

प्रतीक एवं सोनाक्षी, अंकित एवं श्वेता, नैवेद्य एवं अनन्या, अनन्य एवं नितिका, विराज, साक्षी एवं वरुण,

सभी गुप्ता परिवारजन,

**उनके सभी मित्र और सहयोगी**

एवं संपूर्ण वेदांता परिवार।

vedanta
transforming for good

## खबर संक्षेप

### अवैध नशा बेचने के मामले में 2 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अवैध नशा बेचने के दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अपराध सेक्टर-56 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए राहुल वासी यमुना विहार दिल्ली को 350 ग्राम गांजा सहित दशहरा ग्राउड सेक्टर.31 के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में बताया वह 1 किलो गांजा 8000 रुपए में दिल्ली सदर बाजार से खरीद कर लाया था।

### महिला मित्र की हत्या करने वाला युवक अरेस्ट



**गाजियाबाद।** सिहानी गेट पुलिस ने महिला मित्र को होटल में हत्या करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया सोमवार को सुबह 07.15 बजे पीआरवी द्वारा थाना सिहानी गेट पर सूचना मिली थी कि युवक और उसकी महिला मित्र एक होटल में रुके थे। पूछताछ में युवक ने बताया कि दोनों नशे की हालत में थे किसी बात पर विवाद हुआ जिसपर उसने पीट-पीटकर हत्या कर दी।

### ठगी मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाला अरेस्ट



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 70000 की ठगी करने के मामले में खाताधारक व खाता उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपियों को मोगा, पंजाब से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जवाहर कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उससे संपर्क कर पहले होटलों को रेटिंग देकर पैसे कमाने का झांसा दिया।

# विकसित भारत बनाने में योगदान दें देश के युवा: नितिन नबीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि हमारे प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद ने हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया है। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि जब-जब देश आगे बढ़ेगा और नई ऊंचाइयों को छूएगा। उस ऊंचाई का नेतृत्व युवा करता दिखाई देगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि देश का युवा विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत विजन को पूरा करने में अपना योगदान दें।

नितिन नबीन गुरुग्राम में स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और खेल मंत्री गौरव गौतम ने भी संबोधित किया। भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि आज हम इस बात के साक्षी हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के युवाओं को प्रेरणा और नेतृत्व दिया है। युवाओं का आह्वान करते हुए नबीन ने कहा कि हम सभी को मिलकर विकसित भारत बनाना है और युवाओं को नेतृत्व के लिए आगे आना होगा।



# भाजपा में वंशवाद की नहीं, कर्मठता और योग्यता की पूजा होती है: सीएम नायब सैनी

**स्वामी विवेकानंद ने भारत की आत्मा को विश्व मंच पर स्थापित किया: नायब सिंह**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की आत्मा को विश्व मंच पर स्थापित किया। भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। स्वामी विवेकानंद केवल एक सन्यासी नहीं, बल्कि युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि युवाओं को खुद पर विश्वास होना चाहिए। आज के दिन सभी युवाओं को विवेकानंद के शब्दों उनके चरित्र और जीवन को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।

### स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र भक्ति का मंत्र दिया: बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सम्पूर्ण विश्व को भारत की आध्यात्मिक शक्ति से परिचित कराया और युवाओं को राष्ट्र भक्ति का मंत्र दिया। स्वामी जी कहते थे लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाए तक हमें रूकना नहीं है। उनका सपना था कि भारत का युवा साहसी हो भाजपा उस सपने को साकार कर रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपने भविष्य के साथ-साथ भारत के भविष्य के बारे में देश प्रथम की भावना से आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में खेल मंत्री गौरव गौतम, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने युवाओं को बताया कि स्वामी विवेकानंद ऐसे व्यक्तित्व थे ।

### डीसी आयुष सिन्हा ने सुनी जनता की समस्याएं, मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश

# समाधान शिविरों से मजबूत हो रहा जनता का प्रशासन पर भरोसा: डीसी सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार की पहल पर प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत सोमवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त आयुष सिन्हा ने की।

जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनते जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सरकारी एवं प्रशासनिक विभागों से जुड़ी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाएंए शिक्षा से संबंधित कार्य, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, नगर निकायों से नो.ड्यूज प्रमाण पत्र, भवन नक्शा पास कराना, बिजलीए सिंचाई, जन स्वास्थ्य सेवाएं तथा आपराधिक शिकायतों से संबंधित मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर समस्याओं का निपटारा कर रहे हैं, जिससे लोगों को शीघ्र राहत मिल रही है। इस अवसर पर डीसी आयुष सिन्हा ने सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में एक-एक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के लिए तत्परता से कार्य करने को कहा।



डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है।

उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी है तो वे बिना किसी संकोच के नजदीकी समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाए ताकि जनता का भरोसा मजबूत हो और शासन व्यवस्था अधिक जनहितैषी बन सके। समाधान शिविर में सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### रेडक्रॉस के माध्यम से गरीबों तक पहुंचेगी 2 लाख की राहत: डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान आयुष सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन तथा सचिव बिजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद द्वारा निरंतर विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य गरीबए असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। सचिव बिजेंद्र सौरोत ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत निःशुल्क इलाज दवाइयों का वितरण, कृत्रिम अंग, व्हील चेयर उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य जांच एवं माप शिविरों का आयोजन किया जाता है।



### ट्रेड फेयर अब तक का सबसे बड़ा एडिशन होगा

# इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में जुटेंगे 19 देशों के 800 से अधिक एग्जीबिटर्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारत का इंटरनेशनल ट्रेड फेयर आगामी 5-7 फरवरी को यशोभूमि, द्वारका में होगा। जिसमें 19 देशों के 800 से अधिक एग्जीबिटर्स शामिल होंगे। एसीएमए ऑटोमैकेनिका नई दिल्ली-2026 ऑटोमोटिव सर्विस और आफ्टरमार्केट इंडस्ट्री के लिए आयोजित यह ट्रेड फेयर अब तक का सबसे बड़ा एडिशन होगा। राज मानेक, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और बोर्ड मेंबर, मेस्से फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड ने कहा कि इस शो में भारतीय और इंटरनेशनल स्तर पर बहुत अच्छी भागीदारी हुई है जिसने भारत के ऑटो कंपोनेंट सेक्टर की बढ़ती ग्रोथ को भी दिखाया है। यह ट्रेड फेयर ऐसे समय में हो रहा है जब इंडस्ट्री और सरकार मिलकर भारत को एक ऑटो पावर हाउस बनाने के प्रयास कर रहे हैं।

प्रदर्शनी में भाग लेने वाले भारतीय निर्माताओं में एम्पल ऑटो टेक, बैंको प्रोडक्ट्स (इंडिया), एलोफिक इंडस्ट्रीज, जेके फेनर इंडिया, मैन$हम्मेल फिल्टर, मिंडा कॉर्पोरेशन , एनआरबी बेयरिंग्स, शेफलर इंडिया, एसकेएफ इंडिया, विन्नी केमिकल्स और जैडएफ इंडिया जैसी कंपनियां शामिल हैं। इंटरनेशनल भागीदारी में चीन, जर्मनी, ईरान, हांगकांग, श्रीलंका और ताइवान के एग्जीबिटर्स और कंट्री पवेलियन शामिल होंगे, जो आफ्टरमार्केट उत्पादों के लिए सोर्सिंग बेस और कंजम्पशन मार्केट दोनों के रूप में भारत में बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पुष्पेंद्र,** पुत्र श्री. राजबीर सिंह, मैसर्स सर्वेश ट्रेडर्स के सेल प्रोपराइटर ,निवासी- मकान नंबर 165, गली नंबर 4/1, वृन्दर स्वीट्स के सामने, करावल नगर, दिल्ली-110094 ने **केस रजिस्ट्रेशन संख्या 24772/16 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पुष्पेंद्र** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **पुष्पेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **पुष्पेंद्र, केस रजिस्ट्रेशन संख्या 24772/16 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री एब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, पहली मंज़िल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/356/RD/2026

## सामुदायिक पुलिसिंग सेल फरीदाबाद एवं वाल्मीकि अखाड़ा ने लगाया हेल्थ कैंप

# जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन 600 के करीब लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद


सामुदायिक पुलिसिंग सेल फरीदाबाद एवं वाल्मीकि अखाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में मुल्ला होटल पर हेल्थ चेक-अप कैंप लगाकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक सुनीता प्रभारी सामुदायिक पुलिसिंग सेल फरीदाबाद द्वारा महिलाओं के विरुद्ध अपराध एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर उपस्थित सभी लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह हमारे समाज की एक गंभीर कुप्रथा है, जो बेटियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर बनाती है तथा उनके अधिकारों एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इस प्रकार की प्रथाएं समाज में महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचारों को बढ़ावा देती हैं, इसलिए इससे संबंधित कानूनों को समझना एवं उनका पालन करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में सभी को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112, 1930, 1933, 1098, 1091 आदि की जानकारी दी गई तथा नशा मुक्ति से संबंधित मानस ऐप के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक सुनील कुमार थाना एसजीएम नगर भी उपस्थित रहे, जिन्होंने लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया तथा साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर वाल्मीकि अखाड़ा के प्रधान राजकुमार ने भी उपस्थित सभी लोगों को सामाजिक जागरूकता के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात नशा मुक्ति टीम द्वारा सेंट्रल जोन फरीदाबाद क्षेत्र में डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य भी किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 600 लोगों को जागरूक किया गया, जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।



## लड़ाई-झगड़े का मामला

# अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**फरीदाबाद।** घर में घुसकर मारपीट करने के एक मामले में अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सुनील निवासी डबुआ ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 4 जनवरी 2026 को 6-7 लड़के उसके घर में घुस आए और लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके सिर पर गंभीर चोट आई। शिकायत के आधार पर थाना डबुआ में संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले की जांच के दौरान अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी नीरज उर्फ लुका निवासी नेहरू कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत**

**मु.न. 7 दिनांक 08.01.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम** – बबीता।
**पति का नाम** – पवन।
**पता** – वासी गाँव भैसवान खुर्द जिला सोनीपत।
**उम्र** – 37 वर्ष
**कद** – 5 फुट।
**हुलिया**– रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, गोल नाक, पतला शरीर, दाहीने हाथ की कलाई पर पवन गुदा हुआ हैं।
**पहनावा** – हरे रंग का सूट व हरे रंग की सलवार, पैरो में जुते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 03.01.2026 को बबीता पत्नी पवन वासी गाँव भैसवान खुर्द जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कही चली गई हैं। अब तक वापिस नही आई है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना 7419410546**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0. - 9813833302**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4339/2026/41953/88/7 दि. 12.01.26

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय मेहता पुत्र श्री. धरम चंद निवासी L-1/43, प्रथम तल, बुद्ध विहार, फेज–1, दिल्ली–06** ने **CR No. 10908/2017,** अन्तर्गत थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय मेहता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय मेहता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CR No. 10908/2017, अन्तर्गत थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विजय मेहता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.03.2026** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/351/RD/2026 (Court Matter)

## शिविर में 110 स्वयंसेविकाओं ने सहभागिता की

# राजकीय कन्या महाविद्यालय नाचौली में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राजकीय कन्या महाविद्यालय नाचौली फरीदाबाद में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेविकाओं के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया, जिसे प्रति वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिविर की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ममता भारद्वाज द्वारा स्वयंसेविकाओं के स्वागत के साथ की गई। इसके पश्चात एनएसएस गीत के सामूहिक गायन से कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रन फॉर स्वदेशी, स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौड़ को महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अर्चना वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अटेली खण्ड बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में ड्रेन्स और दूषित पानी की ट्रीटमेंट प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) का निर्माण + 4 कार्य। | 07.01.2026 15.01.2026 | 1,62,60,475/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 2 | सिंचाई रोहतक | गांव सिमली, ब्लॉक रोहतक, जिला रोहतक में 'छोटा बाबा तालाब' का ग्रामीण तालाब रिस्टोरेशन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.01.2026 | 3,27,71,283/- | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | गंजारूपाना :– 1 अदद सम्प वैल साइज 10.00×7.00 मी. का निर्माण, लोहे के दरवाजे सहित चारदिवारी हैडवर्क पाइप लाइन का बिछाना, सीसी रोड और पथ का निर्माण 300 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप लाइन का बिछाना, एक अदद पम्प चेम्बर साइज 3.05×3.66 मी., पेंटिंग एवं डिस्टेम्परिंग, पम्प सैट मशीनरी का प्रावधान व बिछाना, डी.आई. राइजिंग मेन को बिछाना, वितरण पाइप लाइन को बदलना और टैप कनेक्शन को रिस्टोर्ड करना, जलघर की चारदिवारी की मरम्मत और अन्य इससे सम्बन्धित कार्य गांव गंजारूपाना हेतु। | 09.01.2026 27.01.2026 | 1,38,64,346/- | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 4 | लोनिवि भ व प शाखा करनाल | जिला सोनीपत के सिविल हस्पताल के परिसर में सीएमओ कार्यालय का निर्माण (केवल ईएलवी सेवाओं का प्रावधान)। | 10.01.2026 19.01.2026 | 1,27,68,026/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प शाखा करनाल | जिला पानीपत के सिविल हस्पताल में महिला एवं बाल ब्लॉक का निर्माण (केवल लिफ्टों हेतु आपातकालीन सेवाओं से बचाव का प्रावधान) + 4 कार्य। | 10.01.2026 17.01.2026 | 1,25,61,830/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प शाखा हिसार | प्रांतीय मंडल लोनिवि बांदर शाखा जिला चरखी दादरी में चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा दादरी-बोंद रोड (एसएच-34) (पुराना एमडीआर 124) (रोड आईडी 2324) में 24.78 कि.मी. (डीफोर स्टेशन और यूटिलिटी शिफ्टिंग) (सीआरआईएफ योजनाओं के तहत) (33 केवी एचटी/एलटी लाइन केवल की शिफ्टिंग का प्रावधान)। | 07.01.2026 14.01.2026 | 2,43,27,206/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/41969/1/88/7 दि. 12.01.26


## स्वामी विवेकानंद का जीवन दिखा रहा सही दिशा : सचदेवा

नई दिल्ली। स्वामी विवेकानंद का जीवन और दर्शन आज भी समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करता है। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यह संबोधन दिया। वहीं, सामाजिक संवेदनशीलता और मानवीय सरोकार का परिचय देते हुए उन्होंने आर्य बाल आश्रम दरिया गंज एवं ईस्ट आफ कैलाश में रह कर पढ़ने वाले विशेष बच्चों के साथ एक आत्मीय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर वीरेन्द्र सचदेवा ने बच्चों के साथ फिल्म 'द राजा साहब' देखी और उनके साथ समय बिताकर उन्हें आनंद और उत्साह से भर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों, विशेषकर अनाथ और वंचित बच्चों के उत्थान के लिए समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बनती है और ऐसे प्रयास विवेकानंद जी के विचारों को धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम हैं। सचदेवा ने बताया कि फिल्म प्रदर्शन के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। फिल्म के माध्यम से उन्हें मनोरंजन के साथ-साथ सकारात्मक संदेश भी मिला।

### मुख्यमंत्री ने 1709 मेधावी विद्यार्थियों को सौंपी छात्रवृत्ति

# विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देना उनके भविष्य में दिल्ली सरकार का निवेश है : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देना उनके भविष्य में दिल्ली सरकार का निवेश है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर त्यागराज स्टेडियम में 'दिल्ली उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सहायता योजना' के तहत आर्थिक रूप से कमजोर, मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि सौंपते हुए यह संबोधन दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2023-24 और 2024-25 के अंतर्गत 1709 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 25.25 करोड़ की स्कॉलरशिप की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान लंबित पड़ी 19 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति राशि भी उनकी सरकार की ओर से दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए तय की गई कोई भी राशि अब लंबित नहीं रहेगी।

मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनको छात्रवृत्ति देना उनके उज्ज्वल भविष्य में दिल्ली सरकार का निवेश है। स्कॉलरशिप वितरण हमारे युवाओं के भविष्य को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद् और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आतिशी पांच-छह दिन से सार्वजनिक जीवन से हैं गायब : सिरसा



- कृत्य का बोध होने पर उसका सामना नहीं कर पा रही नेता विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत पर अपशब्द बोलने वाली दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी पांच-छह दिन से सार्वजनिक जीवन से गायब हैं। यह खुद साबित करता है कि उन्हें अपने कृत्य का बोध है और वह उसका सामना नहीं कर पा रही हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी, विपक्ष की नेता आतिशी, अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखा हमला बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत दिवस पर दिल्ली विधानसभा में हुई घटना अपमानजनक और शर्मनाक है, आम आदमी पार्टी और इसके नेतागण अब इस घटना को सत्ता का दुरुपयोग करके नकारने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री सिरसा ने कहा कि जिस पाप के लिए आतिशी को माफी मांगनी चाहिए थी, उस पाप को दबाने के लिए अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ने पुलिस का इस्तेमाल किया। अब यह सिर्फ आतिशी का पाप नहीं रहा। अब इसमें आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी भागीदार बन चुके हैं। अंत में मंत्री सिरसा ने दो टूक शब्दों में कहा कि आम आदमी पार्टी चाहे जितनी कोशिश कर ले, सच को दबाया नहीं जा सकता। सत्ता और पुलिस के सहारे इतिहास नहीं बदला जा सकता और जो लोग इस पाप में शामिल हैं, उन्हें इसका जवाब देना ही पड़ेगा।

## लापता चार साल की बच्ची की लाश नाले से मिली

नई दिल्ली। रोहिणी जिले के प्रेम नगर थाना इलाके से लापता हुई चार साल की बच्ची की लाश सोमवार को नाले से बरामद की गई। पुलिस को बच्ची के शरीर पर चोट आदि के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस केस दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार 9 जनवरी को प्रेम नगर थाने में विद्यापति नगर, इंद्र एन्क्लेव, फेज-2, किराड़ी की रहने वाली एक महिला से शिकायत मिली, जिसमें बताया गया कि उसकी चार साल की बेटी या तो लापता है। उसे बच्ची के अपहरण का शक है। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल पाया। सोमवार को भी पुलिस बच्ची को तलाश करती हुई उसके माता-पिता के साथ ध्रुव पिकेट, विद्यापति नगर के पास एक नाले पर पहुंची जहां एक बच्ची डूबी हुई मिली। उसे तुरंत बाहर निकाला गया और माता-पिता ने मौके पर ही बच्ची की पहचान अपनी बेटी के रूप में की। बच्ची के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला। बच्ची को तुरंत संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए मुर्दाघर में भेज दिया गया। घटनास्थल के निरीक्षण, जांच और फोटोग्राफी के लिए मोबाइल क्राइम और एफएसएल टीम, रोहिणी को मौके पर बुलाया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

## सीएचडी ने सीएम को पत्र लिख बताई रैन बसेरों की सच्चाई, सरकारी आंकड़ों पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। बेघरों के लिए कार्य करने वाली संस्था सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएचडी) ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के सीईओ रूपेश कुमार ठाकुर को पत्र लिखकर रैन बसेरों में बेड, बिस्तर, कंबलों की कमी को लेकर सवाल उठाए है। सीचडी के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार अलेडिया ने बताया कि उन्होंने सीएम रेखा गुप्ता व बोर्ड को पत्र लिखकर बताया है कि शेल्टर होम्स में घोषित क्षमता और वास्तविक बेड की उपलब्धता के बीच गंभीर विसंगति है। जिसके चलते इस कड़ाके की ठंड के दौरान बेघर लोगों के लिए अपर्याप्त व्यवस्था से मानवीयता की अनदेखी की जा रही है। हमने बताया है कि शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की लाइव ऑक्यूपेंसी रिपोर्ट में दिखाई गई शेल्टर होम्स की घोषित क्षमता और ज़मीन पर उपलब्ध बेड की वास्तविक संख्या के बीच कोई मेल ही नहीं है। वेबसाइट पर उपलब्ध डेटा, हाल के साइट निरीक्षणों के साथ, स्पष्ट रूप से व्यवस्थित गलत रिपोर्टिंग और दिल्ली के बेघर नागरिकों के लिए बुनियादी ढांचे की गंभीर उपेक्षा का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि हमने पत्र के साथ पूरी रिपोर्ट संलग्न की है जिसमें एक एक जगह की वास्तविक क्षमता, वर्तमान संसाधन और सरकारी रिपोर्ट की बीच असमानता का आंकड़ा मौजूद है। आलेडिया ने कहा कि संस्था ने सीएम रेखा गुप्ता से अपील की है कि वह इस कड़ाके की ठंड में बेघरों की मजबूरी की तरफ भी गंभीरता से ध्यान दिया जाए। क्योंकि जो सरकारी रिपोर्ट है उसमें और वास्तविकता में जमीन आसमान का फर्क है इसलिए कृपा इसकी जांच करवाकर हालात सुधारे। उन्होंने कहा कि हमने सीएम रेखा गुप्ता को चाबी गंज कम्यूनिटी सेंटर के उस शेल्टर होम की वास्तविकता बताई है जहां खुद सीएम हाल ही में खुद दौरा करके आई थी। उन्होंने कहा कि संस्था सरकार से अपील करती है कि जल्द से जल्द बेघरों को कड़ाके की सर्दी से बचाने के लिए बेड, बिस्तर, कंबल व सर्दियों के चलते नए टेंट आदि की व्यवस्था करें।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज ने छात्रों को किया संबोधित

आप सभी अपने संस्थान के प्रत्येक छात्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और मुझे विश्वास है कि आगे चलकर आप देश का भी प्रतिनिधित्व करेंगे। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) एवं दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रसंघ पदाधिकारी सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने यह संबोधन दिया। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में प्रारंभिक अनुभवों और स्वामी विवेकानंद के युवाओं को उनकी आंतरिक शक्ति जागृत करने के आह्वान से प्रेरित होकर कहा कि एबीवीपी छात्र हित एवं राष्ट्र हित के विचारधारा का दृढ़ प्रहरी रही है। एबीवीपी ने निरंतर पीढ़ियों को अनुशासित, राष्ट्रनिष्ठ नेतृत्व के रूप में गढ़ा है, जो 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की यात्रा को निरंतर आकार दे रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, एबीवीपी की अखिल भारतीय छात्रा कार्य प्रमुख मनु शर्मा कटारिया एवं एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके बाद, दिल्ली सरकार के मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, एबीवीपी की अखिल भारतीय छात्रा कार्य प्रमुख मनु शर्मा कटारिया तथा एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा की उपस्थिति में डूसू के पदाधिकारियों को सम्मानित किया।




## भारी मात्रा में फैले विषैले झाग ने सरकार के यमुना सफाई के दावों की पोल खोल दी: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यमुना में बढ़ते प्रदूषण के कारण भारी मात्रा में फैले विषैले झाग ने यमुना सफाई के दावों की पोल खोलकर रख दी है। यादव ने कहा कि यमुना सफाई पर ढ़ढिंरा पीटने वाली भाजपा की दिल्ली सरकार द्वारा यमुना सफाई पर 500 करोड़ का बजट रखने और शीतकालीन सत्र में इसमें 180 करोड़ रुपये और जोड़कर वाहवाही लूटना सब भ्रष्टाचार के लिए राशि को योजनाओं के लिए मात्र आवंटन करना है। यादव ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी (डीपीसीसी) द्वारा यमुना पर दो महीने की रिपोर्ट में साफ दर्शाया है कि पिछले दो महीनों में नजफगढ़ नाला मिलने के ठीक बाद आईएसबीटी ब्रिज पर बिना शोधित सीवेज का फीकल कोलीफार्म का स्तर नवम्बर में 20000 और दिसम्बर में बढ़कर 92000 एमपीएन प्रति 100 मिली तक पहुंच गया। जबकि सुरक्षित सीमा 2500 और वांछित सीमा 500 एमपीएन प्रति 100 मिली तक ही है। उन्होंने कहा कि बायोकैमिकल ऑक्सीजन डिमांड बीओडी जो पहले 25 मिलीग्राम प्रति लीटर थी, नवम्बर में 33 मिली प्रति लीटर व दिसम्बर 25 मिली प्रति लीटर पर आ गई। जबकि मानक अनुसार बीओडी प्रतिलीटर 3 मिलीग्राम से कम होना चाहिए, जो सुरक्षित सीमा से 8 गुणा अधिक है। यादव ने कहा कि यमुना में शहरी सीवेज और औद्योगिक कचरे को गिरने से रोकने की दिल्ली सरकार के पास कोई योजना नही है। जबकि 27 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पूरी क्षमता से काम ही नही करते और सरकार का दावा है कि 500 करोड़ रुपये 40 एसटीपी को विकसित करने के लिए आवंटित किए। लेकिन जमीन पर कोई काम दिखाई क्यों नही पड़ रहा है। यह चिंता का विषय है कि यमुना के प्रदूषण में 80 प्रतिशत दिल्ली के हिस्से में आता है। यहां अमोनिया का स्तर खतरनाक स्तर पर है जिससे पानी को साफ करना मुश्किल हो गया है। चुनाव पूर्व बीजेपी ने वादा किया था कि यमुना साफ करके दिखाएगें। यमुना आरती भी शुरू की, यमुना में पानी के जहाज चलाने की घोषणा, यमुना सफाई के नाम पर जेसीबी मशीन खड़ी करना, उनके विधायक द्वारा यमुना का पानी पीकर दिखाते हुए यमुना सफाई के दावे करना दिल्ली की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। यमुना का पानी मानकों के अनुसार औसत से कई सौ गुणा प्रदूषित पाया गया है और बड़े नालों से सीधा अनुपचारित सीवेज यमुना में गिर रहा है। दो महीने में चालू वित्त वर्ष समाप्त हो जाएगा, ऐसे में क्या मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता यमुना सफाई पर किन मदों पर कितना कितना वैसा खर्च किया सार्वजनिक कर सकती है।

## उद्योगों को सील करने के नोटिस से व्यापारी परेशान

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम की सदन बैठकों में प्रदूषण का मामला जनप्रतिनिधियों ने जोर शोर से उठाया लेकिन सीलिंग के नोटिस किन उद्योगों को जारी किए जाएं और किन उद्योगों को जारी नहीं किए जाएं। इसे लेकर कोई विशेष कार्य योजना नहीं बनाई गई जिसके चलते सभी उद्योगों को नोटिस जारी कर दिए गए। ऐसा होने से वे व्यापारी परेशान हो गए हैं जिनके उद्योगों में प्रदूषण हो ही नहीं रहा हैं। ऐसे में सीलिंग नोटिस जारी होने से उनकी रात की नींद और दिन का चैन उड़ गया है। इसी प्रकार को एक मामला दिल्ली देहात के कंझावला औद्योगिक क्षेत्र से आया है। यहां दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा उद्योगों को सील करने के नोटिस जारी किए गए हैं। इसके विरोध में उद्यमियों में भारी रोष व्याप्त है और इस संबंध में कंझावला इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन (केईवीए) ने दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा को पत्र लिखकर जल्द से जल्द हस्तक्षेप की मांग की है ताकि वे शांतिपूर्वक अपना उद्योग तंत्र संचालित कर सके।

## दिल्ली में अगले महीने से यमुना नदी में चलेगा क्रूज : कपिल मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने नवी मुंबई में निर्माणाधीन क्रूज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने जानकारी दी कि यह क्रूज शीघ्र ही दिल्ली की यमुना नदी में संचालित किया जाएगा। क्रूज का निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में है और इसे 20 जनवरी को नवी मुंबई से दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। यह क्रूज 4-5 दिनों में दिल्ली पहुँच जाएगा। कपिल मिश्रा ने बताया कि दिल्ली पहुँचने के बाद क्रूज में इंजन फिट किया जाएगा और फरवरी माह में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इसे दिल्ली की जनता को समर्पित किया जाएगा। यह क्रूज यमुना नदी में वजीराबाद से सोनिया विहार की ओर अपस्ट्रीम दिशा में संचालित होगा। यह एक घंटे की राउंड ट्रिप होगी, जिसमें एक समय में लगभग 40 लोग यात्रा कर सकेंगे।

### आठवीं विधानसभा के चौथे शीतकालीन सत्र में कुल पाँच बैठकें हुईं

# विधानसभा सत्र में जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा कर लिए निर्णय : विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आठवीं दिल्ली विधानसभा के चौथे शीतकालीन सत्र के दौरान सदन ने अनेक महत्वपूर्ण विधायी, वित्तीय तथा जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए। दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली विधान सभा परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सदन में गीत 'वंदेमातरम्' में प्रचलित दो अनुच्छेदों के स्थान पर अगले सत्र से गीत का पूर्ण संस्करण बजाया जाएगा, जिसे सत्तापक्ष एवं विपक्ष, दोनों के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुरूप लागू किया जाएगा। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि आठवीं दिल्ली विधानसभा का चौथा (शीतकालीन) सत्र 5 जनवरी 2026 से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित हुआ, जिसमें कुल पाँच बैठकें हुईं और लगभग 12 घंटे 39 मिनट की कार्यवाही संपन्न हुई। इस दौरान सदन ने तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों, विशेष उल्लेखों, विधायी कार्यवाही तथा वित्तीय विषयों सहित व्यापक कार्य संपन्न किया। गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा में गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ एवं पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा; चार विधेयक पारित तथा अनुपूरक मांगों को स्वीकृति दी गई।

हालिया विवादों पर स्पष्ट करते हुए अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह दावा जिसमें कहा गया कि सदस्यों को केवल मास्क पहनने के कारण निलंबित किया गया, पूर्णतः असत्य एवं भ्रामक है। निलंबन सदन की कार्यवाही में जानबूझकर बाधा डालने के कारण ही किए गए हैं। यह मामला नियमों के अनुरूप विशेषाधिकार समिति को संदर्भित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सिख गुरुओं के संबंध में कथित टिप्पणियों का मामला भी विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है तथा संबंधित वीडियो दिल्ली राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को जांच के लिए भेजा गया है।



हरिभूमि सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
13 जनवरी 2026
मकर संक्रांति विशेष



मकर संक्रांति पर्व असल में प्रकृति के बदलाव का उत्सव है। इन दिनों स्त्रियों का उल्लास-उमंग देखते ही बनता है। मकर संक्रांति से ही घर-परिवार में विवाह या दूसरे शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं। यह पर्व हमारे खान-पान और दिनचर्या में भी बदलाव लेकर आता है। गुड़, तिल से बने स्वादिष्ट व्यंजन और आकाश में उड़ती-लहराती पतंगें, हमारे मन और जीवन को नव ऊर्जा से भर देती हैं।

# मकर संक्रांति
## नव ऊर्जा और अपनेपन का उत्सव

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार में त्योहारों के उत्सवीय रंगों की डोर स्त्रियां ही थामती हैं। महिलाएं पारंपरिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों की धुरी कही जाती हैं। बहू-बेटियां उत्सवों के परंपरागत और आध्यात्मिक महत्व को मन से समझती हैं। त्योहारों पर घर-आंगन की सज-धज से जुड़ी रचनात्मकता हो या मेल-जोल की सामूहिकता, महिलाएं बहुत सहजता से जीवन के हर पहलू को संभाल लेती हैं। पूरे माहौल को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर देती हैं।

### प्रकृति का उत्सव और स्त्रीमन

उमंगों और पतंगों का पर्व संक्रांति, असल में प्रकृति के बदलाव का भी उत्सव है। स्त्रियों का मन वैचारिक और व्यावहारिक दोनों मोर्चों पर कुदरत के करीब होता है। असल में संक्रांति का पर्व अकेला ऐसा हिंदू त्योहार है, जो चंद्र पंचांग के हिसाब से नहीं बल्कि सौर पंचांग के हिसाब से मनाया जाता है। प्राकृतिक घटनाओं के आधार पर देखें तो संक्रांति का अर्थ ही परिवर्तन या गति है। उत्तरायण का शुभ काल, शुरू होने के चलते साल भर में आने वाली 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति सबसे अहम होती है। उत्तरायण का समय देवी-देवताओं के पूजन का समय माना जाता है। यही वजह है कि इस पर्व के बाद कई त्योहार आते हैं। शुभ मुहूर्त और शुभ कार्य आरंभ होते हैं। ठिठुरती ठंड और घने कोहरे के बाद आने वाले देशभर के इस प्यारे त्योहार पर स्त्रियों का उल्लास भी देखते ही बनता है। घर-परिवार में विवाह हो या कोई दूसरा शुभ कार्य, महिलाओं को सबसे अधिक चाव होता है। साथ ही यह त्योहार हमारे रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव लेकर आता है। बदलते मौसम की इस रुत में भी महिलाओं के मन और जीवन में भी नई ऊष्मा का संचार होता है।

### जुड़ाव और एकता का उत्सव

परिवार हो या देश-परिवेश, सामाजिक सद्भाव और एकता की डोर से स्त्रियां सबके दिलों को जोड़ती हैं। सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े मान-मनुहार के भाव महिलाओं ने ही सहेज रखे हैं। मित्रों-रिश्तेदारों का मेलजोल मकर संक्रांति के त्योहार का अहम हिस्सा होता है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर उनसे मिलने जाते हैं। असल में मकर राशि को शनि देव का घर माना जाता है। संक्रांति का त्योहार, सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का ही उत्सव है। आध्यात्मिक रूप से भी यह मान्यता रिश्तों को मजबूती देने और मेलजोल बनाए रखने का ही संदेश लिए है। यूं भी सूर्य अपना प्रकाश, ऊर्जा और रोशनी की सौगात पूरे संसार को बिना किसी भेदभाव के बांटता है। साथ ही सूर्य का उत्तर दिशा में होना भी आध्यात्मिक रूप से काफी महत्व रखता है। ऐसे में उत्तरायण का उत्सव एकता की सोच को भी सींचता है। सहज जीवन में इसे महिलाएं ही खाद-पानी देती हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान और दान का भी बहुत महत्व है। इस दिन तिल, गुड़, खिचड़ी, फल या आर्थिक मदद देने की रीत है। महिलाएं किसी की सहायता करने वाली रीत निभाने में आगे रहती हैं। इस त्योहार पर जरूरतमंदों को अनाज, कपड़े या दूसरी चीजें दान करने की सोच स्त्रीमन में मौजूद सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से ही मिलवाती है।

### पतंगों के संग उमंगों का उत्सव

बच्चे हों या बड़े, मकर संक्रांति का त्योहार सभी के लिए रंग-बिरंगी पतंगों का एक उत्सव होता है। हमारे देश के कई राज्यों की पतंगबाजी तो दुनिया भर में चर्चित है। वैसे यह त्योहार हर क्षेत्र में अलग रंग, अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में संक्रांति और तमिलनाडु में पोंगल का त्योहार मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस समय नई फसल घर लाने का उत्सव लोहड़ी के रूप में मनाते हैं। वहीं असम में इस दिन बिहू पर्व का उल्लास छाया रहता है। बिहू उत्सव में नृत्य करतीं स्त्रियां हों या लोहड़ी पर गिद्धा नृत्य का उल्लास बिखेरती महिलाएं। पतंगबाजी के पेच लड़ाती बेटियां हों या पोंगल के पारंपरिक अनुष्ठान में घर के द्वार पर सुंदर कोलम रंगोली सजाने वाली महिलाएं। हर रूप में यह पर्व महिलाओं के मन की उमंगों की झांकी-सा होता है। पोंगल पर्व पर तो थाई पोंगल यानी सूर्य पूजा और मट्टू पोंगल यानी पशु पूजा के समय महिलाएं ही पूजा अनुष्ठानों की नेतृत्व करती हैं। साथ ही पूरे परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। वहीं उत्तर भारत की पतंग उड़ाने की परंपरा भी मनोरंजन भर नहीं है। डोर से बंधी आसमान में उड़ती पतंग, आपसी रिश्तों को भी जोड़ती है। मेल-मिलाप का यह रंग आंगन की बजाय छतों-चौबारों की साझी बैठकी में खिलता है। समरसता के इस भाव को भी स्त्रियां ही बल देती हैं।



### सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को पोसती लोहड़ी

लोहड़ी का पर्व भी प्रकृति का आभार जताने का ही उत्सव है। हमारे कृषि प्रधान देश में लोहड़ी का त्योहार फसलें कटकर घर आने की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही यह पर्व सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को भी पोसता है। विशेषकर पंजाब और हरियाणा में धूमधाम से मनाए जाने वाले इस पर्व को तिलोड़ी भी कहते हैं। शादी के बाद की पहली लोहड़ी बहुत खास होती है। पारंपरिक रूप से बेटे के जन्म के बाद पहली लोहड़ी बहुत धूमधाम से मनाई जाती थी। बेटे के जन्म के बाद घर में ढोल-नगाड़ों से उसका स्वागत किया जाता था और पहली लोहड़ी पर गांव भर में उसके आगमन की मिठाई बांटी जाती थी। सुखद है कि लाडलियों के प्रति परिवार-समाज में आई सहज स्वीकार्यता की सोच से घर-परिवार में एक बड़ा बदलाव दिखने लगा है। अब बिटिया की पहली लोहड़ी भी खूब हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। शादी के बाद भी बेटी की पहली लोहड़ी पर मायके वाले त्योहारी भिजवाते हैं। यह स्नेह भरा शगुन उन्हें अपने आंगन से जोड़े रखने की सोच लिए है। मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद और लोकगीतों का साथ इस पर्व को बहुत खास बना देता है।



# खुश रहना भी एक आर्ट है

हर कोई चाहता है, वह खुश रहे। लेकिन खुश रहने का कोई बना-बनाया फॉर्मूला नहीं होता है। यह एक आर्ट ऑफ लाइफस्टाइल है। आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ छोटे बदलाव करके भी खुश रह सकती हैं। यहां दी गई बातें अमल में लाएं और हमेशा खुश रहें।



जीवनशैली

अलका जैन

रविवार की सुबह आभा पार्क में टहल रही थी, तभी सामने से उसे राधा आती दिखी। हमेशा की तरह वह मुस्कुराते हुए मिली, बातें कीं। लेकिन उसकी आंखों में कहीं न कहीं एक मायूसी थी। आभा ने पूछा, 'सब ठीक है न?' राधा ने ठंडे स्वर में 'हां' तो कहा लेकिन उसकी मुस्कान बनावटी सी लगी। हम में से कई लोग अक्सर अपनी थकान, उदासी या तनाव को मुस्कुराहट के पीछे छुपा लेते हैं, सिर्फ इसलिए कि दुनिया हमें खुश देखे। वास्तव में खुश रहना एक आर्ट है। इसके लिए आपको यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**इन लक्षणों को पहचानें:** मन से नाखुशी, हमेशा शब्दों में प्रकट नहीं होती, संकेतों के रूप में भी सामने आती है। इन्हें पहचानना जरूरी है। हर समय थकान महसूस होना। पहले पसंद आने वाले कामों में रुचि कम हो जाना। नींद या भूख में बदलाव। मित्रों और जानने वालों से दूरी बना लेना। इन संकेतों को नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन यही वह पल है, जब आपको रुककर खुद से पूछना चाहिए- 'मैं सच में कैसा महसूस कर रही हूं?' अगर उत्तर पॉजिटिव न मिले तो लाइफस्टाल में बदलाव करें।



**सही नहीं तुलना करना:** हर बात में दूसरों से तुलना, धीरे-धीरे आत्मसम्मान को चोट पहुंचाती है। किसी की करियर की सफलता, किसी का खूबसूरत घर या सोशल स्टेटस देखकर इंफीरियर महसूस करने से आप बेवजह अपने को खुशी से दूर कर लेती हैं। सच यह है कि किसी की भी जिंदगी परफेक्ट नहीं होती। इसलिए दूसरों से तुलना करने से बचें।

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर:** हालांकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। लेकिन खुले तौर पर अपनी परेशानियों को साझा करने में अब भी झिझक महसूस होती है। तनाव, चिंता, अकेलापन और अवसाद जैसे मनोभाव, किसी को भी प्रभावित कर सकते हैं, चाहे वह बाहरी रूप से कितनी भी खुश क्यों न दिखे। जब तक आप मेंटली हेल्दी नहीं होंगी, खुश नहीं रह सकती हैं।

**खुद के साथ समय बिताएं:** खुश रहना मन की एक अवस्था है। इस पाने की शुरुआत खुद को समय देने से होती है। इसके लिए, सबसे पहले सुबह उठकर कुछ मिनट ध्यान या गहरी सांसें लें। हफ्ते में एक दिन सिर्फ अपने पसंदीदा काम के लिए रखें। नित्य प्रकृति के साथ समय बिताएं।

**सोशल मीडिया पॉजिटिव हैबिट्स:** सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाना जरूरी नहीं, बल्कि इसे अपने लिए पॉजिटिव बनाने की आदत कारगर है। ऐसे पेज और अकाउंट फॉलो करें, जो प्रेरणा और सुकून देते हों, ऐसे लोगों को रोल मॉडल बनाएं, जिनकी कथनी और करनी में अंतर ना हो। सबसे जरूरी है कि सोशल मीडिया को यूज करने का समय सीमित करें।

**थोड़ा रिलैक्स होना भी है जरूरी:** मुस्कान सिर्फ होंठों पर नहीं, मन में भी होनी चाहिए। अगर आज आपको लगता है कि आप थक गई हैं, तो इसे स्वीकार करें और कुछ देर रिलैक्स जरूर करें। याद रखें, रुकना, सांस लेना और फिर से शुरू करना बिल्कुल ठीक है। इसलिए थकान महसूस होने पर रिलैक्स होना भी जरूरी है। इससे मन को ताजगी अहसास होता है।

### बात करना और सुनना

**कभी-कभी** हमें लगता है कि हमारे पास कहने के लिए सही शब्द नहीं हैं या लोग हमें समझेंगे नहीं। लेकिन सच यह है कि सही लोगों से बातचीत आधी परेशानी हल कर देती है। दोस्त, परिवार या कोई भरोसेमंद सहकर्मी। किसी से भी अपनी बात कह देना, मन को हल्का कर सकता है। उतना ही जरूरी है, दूसरों को सुनना क्योंकि हो सकता है उनकी बातों में भी वही कहानी छुपी हो, जिससे आप खुद गुजर रही हों।



सलाह

प्रतिभा अग्निहोत्री

आज भी काफी लोग रेडीमेड स्वेटर के बजाय हाथ के बुने स्वेटर पसंद करते हैं। हाथ से बने स्वेटर बनाते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। इन बातों को अमल में लाएंगी तो आपकी बुनाई कुछ अलग ही रंग जमाएगी।

# सर्दियों में बुनाई करते समय रखें इन बातों का ध्यान



आजकल हाथ के बुने स्वेटर का चलन कुछ कम हो गया है लेकिन स्वेटर बुनने के शौकीन अपने हाथों को रोक ही नहीं पाते। साथ ही फैशन कोई भी हो कुछ लोंगों को बाजार के रेडीमेड स्वेटर की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर ही पसंद आते हैं। छोटे बच्चों को तो आज भी माताएं हाथ के बने स्वेटर ही पहनाना पसंद करतीं हैं, क्योंकि रेडीमेड स्वेटर्स की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर्स ज्यादा गरमाते हैं। यदि आप भी बुनाई की शौकीन हैं तो यहां बताई जा रही बातें ध्यान में जरूर रखें, जो स्वेटर बुनते समय आपके लिए बहुत उपयोगी और फायदेमंद होंगी-

- ऊन खरीदने से पहले किसके लिए क्या बनाना है,यह सुनिश्चित कर लें, क्योंकि बच्चों के लिए गहरे रंग, बड़ों के लिए हल्के और लड़के-लड़कियों के रंग भी अलग-अलग होते हैं।
- छोटे बच्चों के लिए फर वाली या फैशनेबल ऊन खरीदने की अपेक्षा अच्छे ब्रांड का बेबी वूल ही खरीदें, क्योंकि यह एकदम नरम और बिना रोएं वाली होती हैं।
- ऊन हमेशा आवश्यकता से कुछ अधिक ही खरीदें, क्योंकि कम पड़ने पर अकसर उसी शेड की ऊन मिलना मुश्किल हो जाता है।
- मोटी प्लाई के लिए कम नंबर की और पतली प्लाई वाली ऊन के लिए अधिक नंबर की सलाई को यूज करें।
- गले, बाहों और कमर के बॉर्डर के लिए दो नंबर अधिक की सलाई लें अर्थात यदि बॉर्डर 10 नंबर से बना रही हैं तो पूरा स्वेटर 8 नंबर से बनाएं, इससे स्वेटर देखने में तो अच्छा लगेगा ही बॉर्डर लूज भी नहीं होगा।
- बुनाई करते समय बुनने वाली सलाई को पूरा खत्म करके ही उठें अन्यथा फंदे निकलकर आपके स्वेटर डिजाइन को ही खराब कर सकते हैं।
- फंदे सदैव कड़े हाथ से और दोहरी ऊन से ही डालें, क्योंकि ढीले हाथ से डाले गए फंदे बाद में और ढीले हो जाएंगे और स्वेटर का आकार ही बिगड़ जाएगा।
- बुनाई करते समय ऊन के गोलों को एक पॉलीथिन बैग में रखें, जब बुनाई बंद करें तो इसी में बुने स्वेटर को सलाई सहित रखें, इससे आपका आधा बुना स्वेटर गंदा नहीं होगा।
- छोटे बच्चों के स्वेटर पर ऊपर किसी भी प्रकार के मोती, नग, सितारे, कुंदन आदि न लगाएं, क्योंकि वे इन्हें मुंह में डाल सकते हैं। उनके स्वेटर पर कढ़ाई इत्यादि करने के लिए धागे या ऊन का ही प्रयोग करें।
- स्वेटर बनाने के बाद उल्टी तरफ निकले धागों और गांठों को कैंची से थोड़ा-सा काटकर क्रोशिया या सलाई की सहायता से ऊन के धागों में छिपा दें।
- जहां तक संभव हो छोटे बच्चों के स्वेटर एक से अधिक रंग के और अधिक डिजाइन वाले न बनाएं ताकि ऐसे स्वेटरों या मोजों को पहनते समय उनके हाथ-पैर आदि इनके धागों में न उलझें।
- दो रंग का स्वेटर बनाते समय एक रंग की अपेक्षा 10-12 फंदे अधिक डालें, क्योंकि दो रंग के धागे आपस में उलझकर खिंचते हैं।







हेयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# अप्लाई करें हेयर परफ्यूम बालों से आएगी भीनी-भीनी खुशबू

हेयर परफ्यूम, बालों को सुगंधित करने के साथ फ्रेश लुक देने में भी मदद करते हैं। हेयर परफ्यूम रूखे, फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है। लेकिन इसे अप्लाई करने से पहले इसके बारे में जानना भी जरूरी है।

**हेयर परफ्यूम की खासियतें:** हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल नहीं होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये बालों को अपनी खुशबू से महकाता और साथ-साथ बालों को मॉयश्चराइज भी करता है, जिससे बाल हेल्दी और तरोताजा नजर आते हैं। इनसे बाल और भी आकर्षक नजर आते हैं। हेयर परफ्यूम, बालों को सुंदर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क लेते हैं, लेकिन उसमें अल्कोहल होता है, जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। जबकि हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर वाटर बेस्ड होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाता है और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाता है। हालांकि बाजार में ब्रांडेड हेयर स्प्रे भी मिलते हैं लेकिन आप चाहें तो घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बना सकती हैं।



**रोज एसेंस हेयर परफ्यूम:** गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बॉटल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी समारोह या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं।

**गुलाब जल और विच हेजल:** कांच के एक बर्तन में आधा चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच विच हेजल (स्किन केयर में यूज किया जाने वाला एक पौधा) को अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण में पांच बूंदें गुलाब के तेल की मिलाकर मिश्रण को स्प्रे बॉटल में डाल लें। यह हेयर परफ्यूम स्प्रे तैयार है।

**हेयर परफ्यूम ऐसे लगाएं:** सबसे पहले बॉटल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें। ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों-बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि परफ्यूम का समान वितरण हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है।

हेल्थ सजेशन

डॉ. अश्वनी कानेटकर

होम्योपैथ कंसल्टेंट

कम तापमान, ठंडी हवाएं और प्रदूषण की वजह से कुछ लोग एलर्जी की समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। अगर ध्यान नहीं देंगी तो यह समस्या बढ़ भी सकती है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए बचाव के उपाय अपनाना जरूरी है।

# सर्दी के मौसम में हो सकती है एलर्जी



बदलते मौसम में ही नहीं बहुत अधिक ठंड के दिनों में भी तरह-तरह की एलर्जी की समस्याएं हो सकती हैं। धूप ज्यादा न होने से हवा में नमी और रूखापन बढ़ने लगता है। ऐसे मौसम में कई बैक्टीरिया और फफूंदी पैदा होने लगते हैं, जो हमारी त्वचा, आंखों और सांस की नलियों में प्रवेश करके उन पर सीधा असर डालते हैं। परिणामस्वरूप कई तरह की एलर्जी के मामले सामने आने लगते हैं।

**एलर्जी के मुख्य कारण:** इन दिनों धूप की कमी की वजह से हवा में नमी बढ़ी हुई है। इसके अलावा कई शहरों, महानगरों में प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। कोहरा और प्रदूषण मिलकर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करते हैं। इस दौरान कई तरह के बैक्टीरिया, धूल के कण और प्रदूषक पदार्थ की वजह से एलर्जी की समस्या पैदा होती है।

**इन लक्षणों का रखें ध्यान:** एलर्जी के लक्षण सामान्य तौर पर सर्दी-जुकाम जैसे लग सकते हैं। लेकिन अगर ये लंबे समय तक बने रहें तो डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी हो जाता है। किसी भी तरह की एलर्जी का सही ट्रीटमेंट न करने से शारीरिक समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए यहां बताए जा रहे लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से कंसल्ट करने में देर ना करें।

**लगातार छींक आना:** हवा में मौजूद नमी, नाक और श्वास नलियों को प्रभावित करती है, जिससे कई लोगों को या तो लगातार छींके आने लगती हैं या फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बुखार भी आ सकता है। कुछ लोगों को ऐसे लक्षण केवल सुबह या शाम के समय दिखते हैं, जबकि दिन में तापमान बढ़ने पर ये लक्षण अपने आप रुक जाते हैं।

**आंखों में जलन:** इस मौसम में हवा में रूखापन बहुत बढ़ जाता है, जिससे कुछ लोगों में आंखों का लाल होना या आंखों में जलन और पानी निकलने जैसी समस्याएं दिखने लगती हैं।

**त्वचा पर रैशेज या ईचिंग:** कई बार इंड के मौसम में हवा में मौजूद फंगस त्वचा की समस्याओं को बढ़ा देते हैं, जिससे रैशेज और इचिंग की समस्या बढ़ती है। रूखी हवाओं की वजह से समस्या बढ़ती है।

**प्रस्तुति: बुशरा फातिमा**

### अपनाएं बचाव के उपाय

सर्दी के मौसम में होने वाली एलर्जी की समस्याओं से बचाव के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

- जब भी धूप निकले कुछ देर रोजाना धूप में जरूर बैठें। इससे कई तरह की एलर्जी से आपका बचाव होगा।
- पहनने वाले कपड़े और बिस्तर नम न हों इसका ध्यान रखें। जब भी धूप निकले इसे जरूर सुखाएं।
- अगर एलर्जी या इंफेक्शन की वजह से नाक और गले में दर्द हो रहा हो तो भाप लेना फायदेमंद होता है।
- अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए घर का बना काढ़ा जिसमें हल्दी, गिलोय, नीबू, तुलसी आदि शामिल हो, उसका नियमित सेवन करें। इससे आप कई तरह की एलर्जी से बची रहेंगी।
- विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नीबू, अमरूद आदि का अधिक सेवन करें।
- होम्योपैथी में कुछ दवाएं एलर्जी से बचाती हैं। आप इनका सेवन डॉक्टर के कंसल्टेशन से कर सकती हैं।

## 44 दिनों तक चलने वाले मेले में 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना

# माघ मेले में 3 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ की तरह माघ मेला श्रद्धा के साथ ही व्यापार का भी बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। संगम तट पर लगने वाला यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि इससे स्थानीय और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी व्यापक संबल मिलता है। विशेषज्ञों के अनुसार 44 दिनों तक चलने वाले माघ मेले में लगभग 15 से 20 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है जिससे करीब तीन हजार करोड़ रुपए के कारोबार और पांच लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने का अनुमान है। मेला शुरू होने से लगभग एक माह पूर्व और समापन के बाद तक निर्माण, परिवहन, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता, व्यापार और प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होता है। मेला क्षेत्र में टेंट, पंडाल, मंच निर्माण, होटल, धर्मशाला, ट्रैवल ऑपरेटर, गाइड, रेस्टोरेंट, ढाबे, फल-सब्जी, फूल-माला, पूजा सामग्री, मिठाई-नमकीन, पानी व पेय पदार्थ आपूर्तिकर्ता, हस्तशिल्प कारीगर, नाविक और तीर्थ पुरोहितों की गतिविधियां संचालित होती हैं।

**माघ मेले में तीन हजार करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। 44 दिन तक चलने वाले मेले में 15 से 20 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पांच लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है। अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है।**



### औसतन दो से तीन हजार रुपए खर्च करता है प्रत्येक श्रद्धालु

जानकारों के अनुसार मेले में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु औसतन दो से तीन हजार रुपए यात्रा, भोजन, ठहराव, दान-पुण्य और खरीदारी पर खर्च करता है। इसका सीधा लाभ न केवल प्रयागराज, बल्कि 150 किमी के दायरे में शहरों और कस्बों को भी मिलता है। अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है।

**संगम स्टेशन रहेगा बंद**

### प्रयागराज में 14 जनवरी से रेलवे स्टेशनों पर लागू होगी 'वन-वे' व्यवस्था

माघ मेला में मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या पर उमड़ने वाले भक्ति के सैलाब को सुरक्षित राह देने के लिए रेलवे प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। 14 जनवरी की आधी रात से प्रयागराज के सभी प्रमुख स्टेशनों पर 'वन-वे' फार्मूला प्रभावी हो जाएगा। इस नई व्यवस्था के तहत अब यात्रियों के लिए स्टेशन में प्रवेश करने और बाहर निकलने के रास्ते अलग-अलग तय कर दिए गए हैं। यानी स्टेशन के जिस दरवाजे से आप अंदर जाएंगे, वहां से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी। प्रयागराज जंक्शन के लिए जारी गाइडलाइन के अनुसार, यात्रियों को केवल लीडर रोड (सिटी साइड) की तरफ से ही प्रवेश दिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### यूपी में आठ आईएएस बने अपर मुख्य सचिव



**लखनऊ।** यूपी के 8 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को खुशखबरी मिली। इनमें प्रमुख सचिव स्तर के 5 अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव बनाया गया है जबकि भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति पर तैनात 1995 बैच के 3 अधिकारियों को नियत वेतनमान 2,25,000 में प्रोन्नत किया गया है।

### नीतीश सरकार ने लाभुकों के खाते में भेजी पेंशन



**पटना।** नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभुकों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने राज्य के 1 करोड़ 16 लाख 4 हजार 685 पेंशनधारियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से दिसंबर 2025 के लिए जारी कर दी है। इस मद में कुल 1289 करोड़ 4 लाख 22 हजार 900 रुपए की राशि सीधे लाभुकों के खातों में भेजी गई है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर योगी सरकार का मेगा प्लान

# यूपी के गांवों में अगले पांच सालों में लगेंगे 15 लाख नए लघु उद्योग

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अगले पांच वर्षों में गांवों में 15 लाख नए उद्यम स्थापित करने की योजना बनाई है। इसका लक्ष्य एक करोड़ ग्रामीण उद्यमी तैयार करना और पलायन रोकना है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक खाका तैयार किया है। प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने के उद्देश्य से आगामी पांच वर्षों के भीतर गांवों में 15 लाख नए उद्यम स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

इस महाअभियान का लक्ष्य उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों से एक करोड़ उद्यमी तैयार करना है, जिससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित होंगे बल्कि गांवों से पलायन पर भी प्रभावी लगाम लगेगी।

**खास बातें**

- एक करोड़ ग्रामीण उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित
- स्वयं सहायता समूह बनेंगे ग्रामीण विकास के आधार



**रोजगार सृजन का नया मॉडल**

इस योजना के तहत गांव-गांव में लघु और सूक्ष्म उद्योगों का जाल बिछाने की तैयारी है। सरकार का मानना है कि जब गांव आत्मनिर्भर होंगे, तभी प्रदेश 'एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। इन 15 लाख नए उद्यमों से न केवल आर्थिक संपन्नता आएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और तकनीकी कौशल का भी विकास होगा।

**एसएचजी के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जाएगा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इस बड़े परिवर्तन का सूत्रधार बनेगा। सरकार की योजना के अनुसार प्रत्येक स्वयं सहायता समूह के कम से कम एक सदस्य या पूरे समूह को नया उद्यम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित और प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अंतर्गत कृषि के साथ-साथ गैर-कृषि आजीविका क्षेत्रों की गतिविधियों को हर गांव तक फैलाया जाएगा, जिससे महिलाओं और युवाओं को आय के नए स्रोत उपलब्ध होंगे।

### लखपति दीदियों का बढ़ता सम्मान

योगी सरकार के इन प्रयासों का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। सीमित संसाधनों में आत्मनिर्भर बनीं प्रदेश की 14 'लखपति दीदियों' को उनकी सफलता के लिए इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान प्रदेश की उन करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेगा, जो उद्यम के जरिए सशक्त होने का सपना देख रही हैं।

## दिलीप जायसवाल ने बताया पूरा प्लान

# मुंबई की तर्ज पर बिहार में बनेंगे 5 एक्सप्रेस वे, हर जिले में लैंड बैंक





एजेंसी ▶▶ अररिया

बिहार सरकार के उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य में मुंबई और पुणे की तर्ज पर पांच आधुनिक एक्सप्रेस हाईवे बनाए जाएंगे। इसके लिए पूरे बिहार को कवर करने वाला एक मास्टर रोड मैप तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में बिहार की सड़कों का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और लोगों को बेहतर व सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी। सोमवार को फारबिसगंज स्थित बैंक्विट हॉल परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने बताया कि सरकार सड़कों के रखरखाव के लिए नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है।

### ट्रैफिक को देखते हुए सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा

उन्होंने कहा कि जैसे मरीज के इलाज के लिए एंबुलेंस होती है, वैसे ही अब "रोड एंबुलेंस" की व्यवस्था होगी, जिससे सड़क क्षतिग्रस्त होने पर तुरंत मरम्मत कराई जा सकेगी। जहां पुल-पुलिया की आवश्यकता होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराया जाएगा। डॉ. जायसवाल ने बताया कि पहले आबादी और वाहनों की संख्या कम होने के कारण सड़कों की चौड़ाई समान नहीं थी, लेकिन अब बढ़ती जनसंख्या और ट्रैफिक को देखते हुए सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा।

### फरवरी-मार्च से रोड मेंटेनेंस पॉलिसी लागू करने की तैयारी

उन्होंने कहा कि फरवरी-मार्च से रोड मेंटेनेंस पॉलिसी लागू करने की तैयारी है। इस नीति के तहत मोबाइल नंबर और फोटो के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकेगी और तय समय में उस पर कार्रवाई होगी। उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार के सभी जिलों में लैंड बैंक बनाने की योजना है।

## पेज एक का शेष

### संसद में रविवार...

क्योंकि इसी दौरान सरकार अपनी आर्थिक नीतियों, कर प्रस्तावों और विकास कार्यक्रमों का खाका देश के सामने रखती है। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पेश और पारित होने के साथ-साथ महंगाई, रोजगार, किसानों की स्थिति, सामाजिक न्याय और समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों पर विपक्ष द्वारा सरकार से सवाल किए जाने की भी संभावना है। संसद के आगामी बजट सत्र को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और सभी दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### सभी समस्याओं और...

के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार को पीएम मोदी और चांसलर मर्ज ने महत्वपूर्ण बताया। साथ ही कहा, जी-4 के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार का हमारा संयुक्त प्रयास इसी सोच का परिणाम है। वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों जैसे महामारी की तैयारी, प्रतिक्रिया और उससे मुकाबले के लिए दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने पर सहमति दी है। दोनों अगली भारत-जर्मनी अंतर सरकारी मंत्रणा के 2026 में जर्मनी के आयोजन को लेकर भी सहमत हुए। रणनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर दोनों ने साझा प्रतिबद्धता जताई। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है।

**शांतिपूर्ण प्रदर्शन ईरानी लोगों का अधिकार- मर्ज :** जर्मनी के चांसलर ने कहा, ईरान के लोग अपने जीवन के लिए शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे हैं। जो उनका अधिकार है। उन्होंने ईरान की सरकार और शीर्ष नेतृत्व से अपील की कि वे अपने नागरिकों को डराने, धमकाने की जगह पर उनकी सुरक्षा करें। ईरानी लोगों के खिलाफ जारी हिंसा पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी जर्मनी के चांसलर ने की। उन्होंने कहा कि विश्व के तेजी से बदलती व्यवस्था में बड़ी ताकतों की राजनीति और प्रभाव क्षेत्रों का दौर चल रहा है। जिसमें जर्मनी ऐसी व्यवस्था का समर्थन करता है, जिसमें सभी देश स्वतंत्र, सुरक्षित तरीके से रह सकें। पीएम मोदी ने जर्मन चांसलर के साथ कार में बैठी हुई अपनी एक तस्वीर एक्स पर साझा की और लिखा, दोनों देशों की दोस्ती साझा मूल्यों, व्यापक सहयोग और आपसी समझ के जरिए लगातार मजबूत हो रही है।

**रक्षा औद्योगिक-सहयोग पर हुआ रोडमैप:** दोनों देश रक्षा-सुरक्षा सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए एक रोडमैप तैयार करेंगे। साथ ही उच्च-रक्षा समिति की पूर्व बैठक के परिणामों का नेताओं ने स्वागत किया। विदेश नीति-सुरक्षा संवाद को लेकर नए ट्रैक 1.5 का भी दोनों ने सराहा। पीएम मोदी ने जर्मनी की मिलन युद्धाभ्यास, फरवरी में होने वाले आईओएनएस के नौवें संस्करण, सितंबर में होने वाले तरंग शक्ति युद्धाभ्यास में भागीदारी, आईएफसी-आईओआर में जर्मनी द्वारा की गई लॉयजन अधिकारी की नियुक्ति के निर्णय की सराहना की। यूरोड्रोन मेल यूएवी कार्यक्रम को लेकर पीएम मोदी और चांसलर मर्ज ने डीआरडीओ और ओसीसीएआर के बीच जारी सहयोग को लेकर संतुष्टि जताई है। इसकी मदद से भारत को उन्नत सैन्य तकनीक को लेकर जर्मनी से सहयोग मिलेगा, यूरोप के साथ रणनीतिक-रक्षा संबंधों को मजबूती मिलेगी। रक्षा औद्योगिक-सहयोग रोडमैप को लेकर संयुक्त घोषणापत्र पर हुए हस्ताक्षर का दोनों नेताओं ने स्वागत किया। प्रशिक्षण, आदान-प्रदान पर शांति स्थापना के लिए हुए एमओयू को बातचीत में सराहा। नई रक्षा तकनीक के मामले में डीआरडीओ और बीएएआईएनबीडब्ल्यू के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान पर भी सहमत हैं।

### व्यापक प्रयासों से हो ...

समिति शामिल) के खिलाफ सहयोग को मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। भारत, जर्मनी ने सभी देशों से आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाहों, ढांचों को उनके नेटवर्क, वित्तीय मदद तंत्र को नष्ट करने के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। दोनों ने साझा कानूनी सहायता संधि के सत्यापन, आतंकवाद से मुकाबले के लिए गठित किए गए संयुक्त कार्य समूह का स्वागत किया।

### भारत में निवेश करें ...

विकास जैसे क्षेत्रों में भी परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं।

**एनईपी के तहत खोलें कैंपस :** संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री ने उच्च-शिक्षा के व्यापक रोडमैप को लेकर संयुक्त घोषणापत्र पर हुए हस्ताक्षर को लेकर कहा, इसकी मदद से दोनों के बीच संस्थागत संबंध गहरे होंगे। उन्होंने जर्मनी के विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित किया। चांसलर मर्ज द्वारा भारतीय पासपोर्ट धारकों को जर्मनी में दी गई वीजा फ्री ट्रांजिट सुविधा की घोषणा को लेकर उनका धन्यवाद किया और कहा ये न केवल भारतीयों की यात्रा को आसान बनाएगा। बल्कि इससे लोगों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। प्रवासन-गतिशीलता भागीदारी समझौते को दोनों नेताओं ने मजबूती प्रदान करने को लेकर अपनी सहमति प्रदान की। इसे कानूनी अमली जामा पहनाने पर भी दोनों पक्ष सहमत हैं।

**ये एमओयू, संयुक्त घोषणापत्र सामने आए :** दोनों देशों के बीच कुल 11 संयुक्त घोषणापत्र सामने आए, वीजा फ्री ट्रांजिट को लेकर की गई 1 घोषणा, 5 एमओयू, 1 ऑफ ट्रैक और एक पूर्ण समझौता शामिल है। वैश्विक कौशल भागीदारी पर संयुक्त घोषणापत्र का आशय जारी किया गया है। घोषणाओं में रक्षा-सुरक्षा, व्यापार-अर्थव्यवस्था, जटिल-उभरती हुई तकनीक, विज्ञान-शोध, कौशल-मोबिलिटी, संस्कृति-लोगों के बीच संबंध जैसे विषय मुख्य रहे। इनमें हिंद-प्रशांत पर संयुक्त संवाद तंत्र की स्थापना, भारत-जर्मनी डिजिटल संवाद के लिए कार्य योजना और अहमदाबाद में जर्मनी के मानद कॉन्सुल खोलना शामिल है।

### साबरमती रिवरफ्रंट ...

से जुड़ी कुछ तस्वीरों को प्रधानमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर भी साझा किया है।

**साझा मूल्यों का उत्सव :** विदेश मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में लिखा कि महात्मा की विरासत को साथ में देखना साझा मूल्यों का उत्सव है। प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर मर्ज साबरमती आश्रम पहुंचे हैं। यह वही जगह है, जहां से गांधी जी ने दांडी मार्च की शुरुआत की थी। दोनों नेताओं ने बापू की प्रतिमा के समक्ष अपनी भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की और उनके चिरस्थायी आदर्शों पर विचार-विमर्श किया। जर्मनी के चांसलर ने आश्रम में चरखा चलते हुए देखा और महात्मा गांधी की अनंत विरासत को प्रत्यक्ष अनुभव किया। आश्रम को देखने के बाद चांसलर मर्ज ने विजिटर बुक में लिखा, गांधी जी की अहिंसा की अवधारणा, स्वतंत्रता की शक्ति में उनका विश्वास और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा में उनकी आस्था आज भी लोगों को प्रेरित करती है। गांधी के आदर्शों की आज पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है।

### रिवरफ्रंट पर साथ ...

अपनी मौजूदगी से भारत और जर्मनी के संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाने का संदेश दिया है। महोत्सव में भारत, जर्मनी के नेताओं ने भगवान श्री हनुमान जी तस्वीर वाली एक पतंग भी उड़ाई।

### ट्रंप की धमकियों के ...

हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह पहला मौका नहीं है, जब वो भारत की यात्रा पर आए हैं। इससे पहले वह साल-2013 में भी नई दिल्ली आ चुके हैं। लेकिन आज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो कि उनके प्रिय मित्र हैं ने उन पर जो भरोसा जताया है। उसके लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद।

### अमेरिकी गठबंधन ...

सकते हैं। उन्होंने दावा किया अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को हमेशा से भारत यात्रा पर आना अच्छा लगता है। मैं उम्मीद करता हूं कि वो दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने की दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे। पैक्स सिलिस्का में भारत अगले महीने तक पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल हो सकता है।

## मकान, दुकानदारों का विरोध जारी

### गली की बैरिकेडिंग कर 8 घंटे तक 200 पुलिस वाले तैनात रहे

# काशी के दालमंडी में सड़क चौड़ीकरण के लिए मुख्तार खान के भवन पर चलाया बुलडोजर



एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी के सबसे व्यस्त और पुराने व्यापारिक क्षेत्रों में से एक, दालमंडी में सोमवार को प्रशासन का बड़ा बुलडोजर एक्शन जारी है। इलाके की संकरी गलियों को चौड़ा करने के अभियान के तहत बुलडोजर ने मोर्चा संभाल लिया है। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र के दुकानदारों और निवासियों में हलचल मच गई है।

### संकरी गलियों में रास्ता बनाकर पहुंचा बुलडोजर

दालमंडी अपनी बेहद पतली गलियों के लिए जानी जाती है, जहां भारी वाहनों का पहुंचना लगभग असंभव था। पिछले चार दिनों से प्रशासन इन गलियों में फंसे दो मकानों को ढहाने की कोशिश कर रहा था। बुलडोजर न पहुंच पाने के कारण अब तक एक दर्जन मजदूर छेनी और रम्भे की मदद से छत और दीवारों को तोड़ रहे थे। हालांकि सोमवारी को प्रशासन ने दीवारें तोड़कर रास्ता साफ किया, जिसके बाद बुलडोजर को मौके पर लाया जा सका। अब मशीनों की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में तेजी आएगी। रविवार को अभियान के दौरान तीन मकानों पर कार्रवाई हुई थी। जिसमें से एक मालिक ने स्वयं अपना भवन हटा लिया था।

### भारी सुरक्षा बल के बीच कार्रवाई जारी

मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई है। सोमवार सुबह से ही सुरक्षा घेरे के बीच मकानों को गिराने का काम शुरू किया गया। अधिकारियों का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द चिन्हित मकानों को हटाकर सड़क चौड़ीकरण के मार्ग को प्रशस्त किया जाए।

## आरोपी गिरफ्तार

# 7 साल के बच्चे को पेड़ से बांधा और फिर की बेरहमी से पिटाई



एजेंसी ▶▶ रामगढ़

झारखंड के रामगढ़ जिले में एक शख्स ने कथित तौर पर चोरी के शक में एक सात साल के बच्चे को पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी सोशल मीडिया पर वायरल हुए 20 सेकंड के एक कथित वीडियो के बाद की गई है। आरोपी ने कथित तौर पर बच्चे के हाथ-पैर बांधे और अर्धनग्न अवस्था में उसकी पिटाई की। यह घटना 9 जनवरी को पतरातू थाना क्षेत्र की डीजल कॉलोनी में हुई। मामले पर पतरातु पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी शिवलाल गुप्ता ने बताया, 'पीड़ित के बड़े भाई द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की अन्य संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आगे की जांच जारी है।'

### बड़े भाई ने दर्ज की शिकायत

आरोपी की पहचान बबलू प्रसाद उर्फ टिकाधारी के रूप में हुई है। वहीं वायरल वीडियो की जांच के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी बबलू प्रसाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीड़ित के बड़े भाई द्वारा दर्ज शिकायत में कहा कि बबलू प्रसाद और कॉलोनी में रहने वाले दो अन्य लोग भी इसमें शामिल हैं। बबलू और अन्य दो शख्स ने पीड़ित को रोका और फिर उसपर पैसे चुराने का आरोप लगाया।

# एफआईआर न होने से भड़के केजीएमयू के डॉक्टर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यहां के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज में यौन शोषण और धर्मांतरण के आरोपी डॉ. रमीज के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जांच एजेंसियां डॉ. रमीज के अंतर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों को खंगाल रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ केजीएमयू में यूनिवर्सिटी प्रशासन और पुलिस के बीच खींचतान जारी है। केजीएमयू के डॉक्टर और कर्मचारी अपर्णा यादव समर्थकों पर एफआईआर न दर्ज होने से भड़के हुए हैं। उन्होंने मंगलवार से हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। केजीएमयू के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरएएस कुशवाहा ने चौक कोतवाली में तहरीर दी है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजा उर्फ भरत उर्फ भड़क, पुत्रः विनोद, पताः म.नं. 408, गली नं. 16, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली** ने **E-FIR No. 001079/19, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजा उर्फ भरत उर्फ भड़क** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजा उर्फ भरत उर्फ भड़क** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 001079/19, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **राजा उर्फ भरत उर्फ भड़क** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री ज्योति जैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उत्तर**
**DP/494/NW/2026** **कमरा नं. 06, पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

## चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को सुधार पाएंगे गोर?

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में कार्यभार संभाल लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल गोर की नियुक्ति की घोषणा की थी। भारत-अमेरिका संबंध पिछले एक साल में अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की हालिया टिप्पणी से ऐसा संदेश गया, जैसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह पटरी से उतर गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया। जबकि पिछले साल दोनों नेताओं के बीच आठ बार बातचीत हुई थी। भारत पर इस समय दुनिया में सर्वाधिक टैरिफ लागू है। लगातार वार्ता होने के बावजूद दोनों देश अब तक किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं। समझा जाता है कि गोर के आने के बाद दोनों देशों के संबंध एक बार फिर पटरी पर लौट सकते हैं। गोर की टैरिफ पर समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता पर यह टिप्पणी खास तौर पर ध्यान देने योग्य है। गोर ने कहा, 'सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेद दूर कर लेते हैं।' राष्ट्रपति ट्रंप की हाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत को याद करते हुए गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अक्सर अपनी भारत यात्रा और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत समझ का जिक्र करते हैं। गोर ने कहा, आशा है कि राष्ट्रपति जल्द ही भारत आएंगे, उम्मीद है अगले एक या दो वर्षों में। दोनों देशों के संबंधों पर गोर ने आगे कहा, 'भारत से अधिक महत्वपूर्ण कोई साझेदार नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में भारत में राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एजेंडा आगे बढ़ाना है। हम यह एक सच्चे रणनीतिक साझेदार के रूप में करेंगे, जहां दोनों देश अपनी-अपनी ताकत, सम्मान और नेतृत्व लेकर आगे आएंगे।' गोर का यह रुख दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का काम कर सकता है। हालांकि ट्रंप का एक साल का कार्यकाल भारत के लिए किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं रहा। टैरिफ को अगर छोड़ भी दें तो भी ट्रंप ने वह हर काम किया, जिससे भारत के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ता हो। एच1बी वीजा से लेकर रेमिटेंस पर टैक्स बढ़ाना, अवैध भारतीयों को हथकड़ी लगाकर वापस भेजना, अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीयों के लिए वीजा में देरी आदि ऐसे कई काम हुए हैं, जिसने आम भारतीय के दिल में भी अमेरिका के प्रति सम्मान को कम किया है। गोर अभी अपने कार्यकाल की शुरुआत कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए भारतीयों के मन में अमेरिका का सम्मान स्थापित करना भी बड़ी चुनौती होगा। पाकिस्तान के परोक्ष शासक आसिम मुनीर को ट्रंप ने जिस तरह से गले लगाया है, वह किसी भारतीय को पसंद नहीं आया। इसलिए गोर की भारत में राह बहुत आसान होगी, यह कह पाना मुश्किल है। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि यह 'आसान काम नहीं' है। जब वह कहते हैं कि व्यापार हमारे रिश्ते का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन हम सुरक्षा, आतंकवादरोधी प्रयास, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मिलकर काम करते रहेंगे तो साफ हो जाता है कि अमेरिका की प्राथमिकता क्या है? गोर भारत में अमेरिकी राजदूत के साथ ही दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत भी हैं।

# जीडीपी वृद्धि से नहीं रुकेगी रुपए की गिरावट



आर्थिकी
अश्विनी महाजन

**पिछली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुँच गई है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करेंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करेंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है।**

आज़ादी के बाद से, भारतीय रुपये की अमेरिकी डॉलर के मुकाबले धीरे-धीरे कमज़ोर होने की प्रवृत्ति रही है। 2024 में 3.30 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरता हुआ 2025 के मध्य तक 83.4 रुपये और दिसंबर 2025 तक लगभग 90 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया। रुपये की कमज़ोरी की रफ़्तार दशकों में अलग-अलग रही है, जो घरेलू पॉलिसी और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक हालात दोनों को दिखाती है। शुरुआती सालों (1947–1966) में, ब्रिटिश पाउंड से जुड़े स्थिर विनिमय डर के तहत रुपया लगभग 4.4% वार्षिक की दर से गिरा। 1966 और 1976 के बीच, 1966 के अवमूल्यन और कड़े नियमन के बाद अवमूल्यन सालाना 1.8% तक धीमा हो गया।

1976-1986 के बीच तेल के झटकों और आर्थिक दबाव की वजह से हर साल 3.5% की थोड़ी ज़्यादा गिरावट देखी गई, जबकि 1986-1996 में सबसे ज़्यादा 10.9% सालाना गिरावट देखी गई, जो भुगतान शेष संकट और बाज़ार निर्धारित विनिमय दर की वजह से हुई। उदारीकरण के बाद, 1996 के बाद से, रुपये की गिरावट में कमी आई। 1996-2004 के दौरान हर साल 3.0%, 2004-2014 में हर साल 2.9%, और 2014-2024 तक हर साल 3.3%। कुल मिलाकर, जबकि गिरावट संरचनात्मक है, 1990 के दशक के बाद नीति सुधारों और आर्थिक स्थिरता ने इस प्रवृत्ति को स्थायित्व प्रदान किया। हालांकि, पिछले एक साल में रुपये में 4.7 प्रतिशत की ज़्यादा तेज़ी से गिरावट आई है, यह एक अल्पकालिक घटना लगती है। यह एक आम धारणा है कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था का मतलब है कि उस मुद्रा की ताकत भी मजबूत होगी। वर्तमान समय में यह धारणा ग़लत साबित हो रही है। हम देखते हैं कि पिछले लगभग एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज़ गति से बढ़ रही है और पिछले लगभग पांच वर्षों से इसे दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार (जीडीपी) 2014 में 2.07 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय भी 1554 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2878 अमेरिकी डॉलर हो गई है। अगर हम वर्तमान मूल्यों पर जीडीपी देखें, तो यह 2014-15 में 106.6 लाख करोड़ रुपये से तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले दो सालों में, रुपये-डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव एक जैसा नहीं रहा है। पिछली तिमाही में, भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसे संघर्षों और युद्धों के कारण भूराजनीतिक तनाव और अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा शुरू किए गए अभूतपूर्व टैरिफ युद्ध के कारण अस्त-व्यस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच काफी अच्छा माना जाता है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करेंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करेंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर




विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। पहला, विनिमय दर सिर्फ़ जीडीपी ग्रोथ के बजाय पूंजीगत प्रवाह से ज़्यादा चलती है। मज़बूत ग्रोथ के बावजूद, अगर विदेशी निवेशक वैश्विक अनिश्चितता, अपने देश/देशों में बढ़ती ब्याज़ दरों, या रिस्क से बचने की वजह से पूंजी निकालते हैं, तो रुपया कमज़ोर हो जाता है। भारत में ठीक यही हुआ है; 2025 में ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने 15 दिसंबर, 2025 तक भारतीय स्टॉक मार्केट से 18.4 बिलियन अमरीकी डॉलर निकाले, भारतीय अर्थव्यवस्था में किसी कमज़ोरी की वजह से नहीं, बल्कि अपने ही कारणों से। फिर से, हम देखते हैं कि एफपीआई की भारी निकासी के बावजूद, भारतीय स्टॉक मार्केट अपने ग्रोथ के रास्ते पर चलते रहे हैं। निकासी के लगातार दबाव का विदेशी मुद्रा की पूर्ति पर बुरा असर पड़ा है और इसके कुल असर ने रुपये की गिरावट में अहम भूमिका निभाई है। दूसरा, मज़बूत होने के बजाय, ज़्यादा जीडीपी ग्रोथ, रुपये की गिरावट का कारण भी बन सकती है। भारत में ज़्यादा ग्रोथ अक्सर आयात को बढ़ाती है, खासकर कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और पूंजीगत सामान के लिए। बढ़ते आयात से डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव पड़ता है। हम देखते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और कई दूसरे क्षेत्रों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए कलपुर्जों और कच्चे माल का आयात ज़रूरी हो जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा की माँग बढ़ती है। इसके अलावा, बढ़ी हुई मैन्युफैक्चरिंग निर्यात से ज्यादा देश में ही उपभोग हो जाती है। गौरतलब है कि भारत के वस्तु व्यापार में घाटा 2023-24 में 240 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 282.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। इससे भी बड़ी बात यह है कि इस घाटे में से 85.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 99.2 बिलियन यूएस डॉलर सिर्फ़ चीन से थे। यह प्रवृत्ति 2025-26 में भी जारी रहेगी, जहाँ अप्रैल से सितंबर 2025 के पहले छह महीनों में, वस्तु व्यापार में घाटा 59.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है। तीसरा, डॉलर के दबदबे और दुनिया भर में मॉनेटरी सख्ती से भी रुपया कमजोर हो रहा है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के दायरे से बाहर है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सख्ती के समय, ज़्यादातर करेंसी के मुकाबले डॉलर मजबूत होता है। ऐसे समय में, रुपये में गिरावट दुनिया भर में डॉलर की मजबूती को दिखाती है, घरेलू कमजोरी को नहीं। चौथी बात, महंगाई से करेंसी की वैल्यू में गिरावट आती है। भारत के मामले में, अतीत में अधिक महंगाई रुपये के कमज़ोर होने का एक बड़ा कारण रही है। कम महंगाई न केवल हमारे निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाती है, बल्कि आयात पर भी दबाव कम करती है। इस तरह यह व्यापार शेष और भुगतान शेष को नियंत्रण में रखने तथा घरेलू करेंसी को स्थिर बनाए रखने में मदद कर सकती है।

पांचवीं बात, भारत की अधिकांश ग्रोथ निर्यात के बजाय घरेलू खपत और सार्वजनिक निवेश से संचालित होती है। जब ग्रोथ घरेलू मांग से आती है, तो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में समान अनुपात में वृद्धि हुए बिना यह अपने आप करेंसी की मज़बूती में नहीं बदलती। छठी बात, कई बार सरकार स्वयं निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए रुपये की कीमत कम होने देती है या उसे प्रोत्साहित करती है। इसलिए, कभी-कभी रुपये की गिरावट एक नीति होती है, न कि किसी आर्थिक विफलता का संकेत। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है। दोनों का एक साथ होना कोई विरोधाभास नहीं है, बल्कि संरचनात्मक रूप से आयात-निर्भर अर्थव्यवस्था की एक विशेषता है।

(लेखक दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

लोक संस्कृति
बाल मुकुन्द ओझा



# लोक संस्कृति और समृद्धि का पर्व है लोहड़ी

देश की बहुरंगी लोकसंस्कृति का महत्वपूर्ण त्योहार लोहड़ी मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। इस साल लोहड़ी पर्व 13 जनवरी को मनाया जाएगा। लोहड़ी का पर्व फसल से जुड़ा है। यह पर्व नई फसल की बुआई और पुरानी फसल की कटाई से संबंधित है। विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत में यह त्योहार परंपरागत हंसी-ख़ुशी, उमंग-उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्रवासी भारतवासी विदेशों में भी अपने रंगीले त्योहार की खुशियां गीत, संगीत और नृत्य के साथ बांटते है। लोहड़ी का त्योहार हर साल 13 जनवरी को मनाया जाता है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार, यह त्योहार सूर्य की उत्तरी गोलार्ध की यात्रा का प्रतीक है। मुख्यतः पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत के इस लोकप्रिय फसल उत्सव में अच्छी फसल के लिए आभार व्यक्त करने और ईश्वर से सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए पवित्र अलाव जलाया जाता है। लोहड़ी मनाने के पीछे भी एक कहानी है जिसके नायक दुल्ला भट्टी हैं। बताया जाता है कि सांदल बार इलाके के जागीरदार ने एक ब्राह्मण की दो बेटियों को उठा लिया था। यह इलाका अब पाकिस्तान के मुल्तान शहर के पास है। दुल्ला मुगलों के खिलाफ तब गुरिल्ला लड़ाई कर रहे थे। कहानी के मुताबिक दुल्ला भट्टी ने दोनों लड़कियों को छुड़ाया और खुद गरीब ब्राह्मण की जगह उनका बाप बना। लड़कियों के सिर के सालू (पल्लू) को बेटियों की इज्जत माना जाता था, जिसे उसने रखवाया। तब किसी गरीब के हक में और वह भी लड़कियों के हक में खड़े होना बड़ी बात थी। हर त्योहार की तरह यह भी दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों के साथ मिलकर मनाया जाता है। उपले और लकड़ी की मदद से बोनफायर जलाया जाता है। पंजाब में लोहड़ी का त्योहार प्रमुख रूप से और बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से दिन छोटा और रात काफी बड़ी होती है। फसल कटाई के मौके पर मनाए जाने वाले इस त्योहार को बोनफायर जलाकर सेलिब्रेट किया जाता है। वहीं लोग इसके चारों तरफ घूमकर नाचते हैं और आग में प्रसाद डालते हैं। पंजाब के अलावा हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में इसकी धूम होती है। पारिवारिक समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी एवं मूंगफली का भोग लगाया जाता है। ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भाँगड़ा नृत्य इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। पंजाबी समाज में इस पर्व की तैयारी कई दिनों पहले ही शुरू हो जाती है। इसका संबंध मन्नत से जोड़ा गया है अर्थात जिस घर में नई बहू आई होती है या घर में संतान का जन्म हुआ होता है तो उस परिवार की ओर से खुशी बाँटते हुए लोहड़ी मनाई जाती है। सगे-संबंधी और रिश्तेदार उन्हें आज के दिन विशेष सौगात के साथ बधाइयाँ भी देते हैं। लोहड़ी से 10-12 दिन पहले ही बच्चे 'लोहड़ी' के लोकगीत गाकर दाने, लकड़ी और उपले इकट्ठे करते हैं। इस सामग्री से चौराहे या मुहल्ले के किसी खुले स्थान पर आग जलाई जाती है। रेवड़ी और मूंगफली अग्नि की भेंट किए जाते हैं तथा ये ही चीजें प्रसाद के रूप में सभी लोगों को बाँटी जाती हैं। घर लौटते समय 'लोहड़ी में से दो चार कोयले प्रसाद के रूप में, घर पर लाने की प्रथा भी है। लोग अग्नि के चारों ओर चक्कर काटते हुए नाचते-गाते हैं व आग मे रेवड़ी, मूंगफली, खील, मक्की के दानों की आहुति देते हैं। आग के चारों ओर बैठकर लोग आग सेंकते हैं व रेवड़ी, खील, गज्जक, मक्का खाने का आनंद लेते हैं। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चा हुआ हो उन्हें विशेष तौर पर बधाई दी जाती है। पहले बेटा होने पर त्योहार मनाया जाता था, मगर अब कन्या होने पर दूने जोश और उत्साह से कन्या लोहिड़ी का पर्व मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य बेटियों को समाज में बेटों के बराबर मान-सम्मान मिले व लोगों की नकारात्मक सोच को बदलना है। आज लोहड़ी के त्योहार की पवित्रता सैकड़ों गुणा बढ़ गई है, क्योंकि यहां भारतीय संस्कृति में देवी के रूप में पूजी जाने वाली कन्याओं की लोहड़ी मनाई जा रही है। सच है कि जिनके यहां बेटी ने जन्म लिया है, वे समाज की रूढ़ियों को तोड़कर बेटी की पहली लोहड़ी हर्षोल्लास से मना रहे हैं। पंजाबी समाज ने कन्या लोहड़ी मनाने की पहल कर देशवासियों का ध्यान बेटी के मान-सम्मान से जोड़कर पर्व मानाने की पवित्रता को द्विगुणित किया है।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बहुत सारे काम के बदले एक काम को बेहतर करे



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें

सोशल मीडिया के लगातार उपयोग ने बच्चों में चिंता, अवसाद, नींद की कमी, साइबर बुलिंग, पढ़ाई में गिरावट, आत्मविश्वास में कमी, हिंसक या भ्रामक सामग्री का संपर्क जैसी समस्याएं तेज़ी से बढ़ाई हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई संस्थाओं ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिगों को प्लेटफॉर्म से दूर रखने में विफल रही हैं। इस बढ़ती चिंता के बीच दुनिया के दूसरे कोने से एक बेहद साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सामने आया, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट, टिकटॉक जैसे सभी प्लेटफॉर्म अब 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगे। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। *– मोहन जोशी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### समाज के प्रति जिम्मेदारी



जेएनयू की डिग्री केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। मेरा विश्वास है कि यहां की समावेशिता, सामाजिक न्याय और जिम्मेदारी की परंपरा आगे बढ़ाते हुए छात्र विकसित भारत के लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।
**- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### सड़क सुरक्षा माह



31 जनवरी तक हम प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' आयोजित कर रहे हैं। यह हमारे परिवारों और भविष्य की रक्षा का संकल्प है। प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुगम-सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस तो नियमों को कड़ाई से लागू करेगी ही, परंतु सभी का सहयोग भी अपेक्षित है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सबसे सुव्यवस्थित राज्य



अगर किसी को ऋणों पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए तो वह कांग्रेस पार्टी है, जिसकी कर्नाटक सरकार ने ऋण लेने में नया रिकॉर्ड बनाया है। असम भारत का सबसे सुव्यवस्थित और सबसे तेजी से विकासशील राज्य है और इस तथ्य की पुष्टि आरबीआई ने भी की है।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### क़ानून का डर ज़रूरी




मेरठ के सरधना क्षेत्र में ही कश्यप समाज के युवक को जलाकर मार देने की अति क्रूर व शर्मनाक घटना की जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। ऐसे आपराधिक तत्वों को क़ानून का डर होना ज़रूरी।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# भारतवंशी कुलकर्णी आरएएस के स्वर्ण पदक से सम्मानित



भारतवंशी खगोलशास्त्री प्रोफेसर श्रीनिवास कुलकर्णी को खगोलशास्त्र में उनकी महत्वपूर्ण खोजों के लिए लंदन स्थित 'रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' (आरएएस) द्वारा प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र में जन्मे कुलकर्णी कैलिफ़ोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) में खगोलशास्त्र और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं, जहां उन्होंने 'ब्राउन ड्वार्फ़' और दूरस्थ गामा किरणों के विस्फोट सहित खगोलीय पिंडों की एक विस्तृत श्रृंखला की खोज की है। पिछले सप्ताह उन्हें मिले आरएएस स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र में 'खगोल भौतिकी में उनके निरंतर, नवोन्मेषी और अभूतपूर्व योगदान' को मान्यता दी गई है। वर्ष 1824 से हर साल दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करके वह स्टीफन हॉकिंग, जोसेलिन बेल बर्नेल, अल्बर्ट आइंस्टीन और एडविन हबल जैसी महान वैज्ञानिक प्रतिभाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। कुलकर्णी ने कहा, यह जानकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ, खासकर पिछले विजेताओं की शानदार सूची को देखते हुए। उन्होंने कहा, मैं अपने दीर्घकालिक सहयोगियों और पालोमर ट्रांजिएंट फैक्टरी और ज़्विकी ट्रांजिएंट प्रतिष्ठान की इंजीनियरिंग टीम और सदस्यों को परियोजनाओं में उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

## ऑफ बीट

# बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने साझा पठन-पाठन जरूरी



ब्रिटेन में बच्चों और युवाओं के बीच किताबें पढ़ने की रुचि लगातार घट रही है। एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि आनंद के लिए किताबें पढ़ने वाले बच्चों का अनुपात पिछले दो दशकों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस स्थिति को देखते हुए ब्रिटेन सरकार, नेशनल लिटरेसी ट्रस्ट और अन्य संगठनों ने वर्ष 2026 को 'राष्ट्रीय पठन वर्ष' घोषित किया है, ताकि लोगों को पढ़ने के लिए फिर से प्रेरित किया जा सके। अभियान का उद्देश्य बच्चों और परिवारों को उनकी मौजूदा रुचियों के अनुरूप पढ़ने से जोड़ना है। विशेषज्ञों के अनुसार, माता-पिता और अभिभावकों के लिए बच्चों में पढ़ने का शौक विकसित करने का सबसे प्रभावी तरीका उनके साथ मिलकर पढ़ना है, चाहे बच्चा पढ़ने में रुचि रखता हो या नहीं। अध्ययनों से पता चलता है कि बचपन से बच्चों के साथ पढ़ने से सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। छोटे बच्चों को पढ़कर सुनाने से उनके शुरुआती विकासात्मक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है और वे आगे चलकर स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। कम उम्र से पढ़ने वाले बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता तेज होती है और उनकी शब्दावली भी अधिक समृद्ध होती है, जिससे वे अच्छे पाठक बनते हैं।

राज ठाकरे की चुनौती पर भाजपा नेता अन्नामलाई बोले

# मुंबई आऊंगा, मेरे पैर काटकर दिखाओ, मैं ऐसी धमकियों से नहीं डरता

अन्नमलाई ने कहा कि आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे मुझे धमकी देने वाले कौन होते हैं? मुझे किसान का बेटा होने पर गर्व है। उन्होंने सिर्फ़ मुझे गाली देने के लिए मीटिंग रखी हैं। मुझे नहीं पता कि मैं इतना महत्वपूर्ण हो गया हूं

एजेंसी ⏭ चेन्नई/ मुंबई

भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने राज ठाकरे के रसमलाई वाले बयान पर पलटवार करते हुए मुंबई आने की चुनौती कबूल कर ली है। राज ठाकरे ने रविवार को एक जनसभा में उन्हें मुंबई में घुसने की चुनौती दी थी। राज ठाकरे ने अन्नामलाई को लुंगी पुंगी, रसमलाई बोलकर मजाक उड़ाते हुए मुंबई आने पर पैर काटने की धमकी दी थी। सोमवार को चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मुंबई आऊंगा, मेरे पैर काटकर दिखाओ। मैं ऐसे धमकियों से नहीं डरता।

**मुंबई एक विश्वस्तरीय शहर का मतलब महाराष्ट्र के लोगों ने इसे बनाया**


राज ठाकरे और भाजपा नेता के. अन्नामलाई

### किसान का बेटा होने पर गर्व

अन्नामलाई ने कहा कि कुछ लोगों ने कहा है कि अगर मैं मुंबई आया तो वे मेरे पैर काट देंगे। मैं मुंबई आऊंगा। मेरे पैर काटकर दिखाओ। अगर मैं ऐसी धमकियों से डरता, तो अपने गांव में ही रहता। उन्होंने कहा कि आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे मुझे धमकी देने वाले कौन होते हैं? मुझे किसान का बेटा होने पर गर्व है। उन्होंने सिर्फ़ मुझे गाली देने के लिए मीटिंग रखी हैं। मुझे नहीं पता कि मैं इतना महत्वपूर्ण हो गया हूं।

### ये लोग नासमझ

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अगर मैं कहता हूं कि कामराज भारत के सबसे महान नेताओं में से एक हैं, तो क्या इसका मतलब है कि वह अब तमिल नहीं रहे? अगर मैं कहता हूं कि मुंबई एक विश्वस्तरीय शहर है, तो क्या इसका मतलब है कि इसे महाराष्ट्र के लोगों ने नहीं बनाया? ये लोग बस नासमझ हैं।

### हटाओ लुंगी, बजाओ पुंगीः राज ठाकरे

रविवार को ठाकरे ने अन्नामलाई पर मुंबई को अंतरराष्ट्रीय शहर बताने पर निशाना साधा था। इस दौरान राज ठाकरे ने 1960 और 1970 के दशक के अपने चाचा बालसाहेब ठाकरे के नारे 'हटाओ लुंगी, बजाओ पुंगी' का भी जिक्र किया। राज ठाकरे ने कहा था कि एक रसमलाई तमिलनाडु से आई, तुम्हारा यहां से क्या लेना-देना है?

**लात मारकर बाहर निकाल देंगे**

रैली के दौरान, राज ठाकरे ने कहा कि अगर बिहार और यूपी के लोग हिंदी थोपने की कोशिश करेंगे तो वह उन्हें महाराष्ट्र से 'लात मारकर' बाहर निकाल देंगे। यूपी और बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हिंदी आपकी भाषा नहीं है।

सीएम फडणवीस ने अजित पवार पर साधा निशाना

## कहा- जीत मिले या हार, अपराधी जाएंगे जेल



अजित पवार द्वारा भाजपा पर की गई टिप्पणी के बाद अब सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कड़ा जवाब दिया है। पुणे में फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अपराध के खिलाफ बोलने वाले ही अगर अपराधियों को टिकट देंगे, तो इसका कोई औचित्य नहीं रह जाता।

### आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को टिकट क्यों?

सीएम ने कहा कि पुणे में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को उम्मीदवार के तौर पर टिकट देना क्यों जरूरी था? जिन लोगों ने अपराधों को समाप्त करने की बात कही थी वही लोग अब अपराधियों को टिकट दे रहे हैं और उनके सपोर्ट में बोल भी रहे हैं। मैं साफ कर देना चाहता हूं कि अगर कोई अपराधी चुनाव जीत भी जाता है, तो उसकी जगह नगर निगम में नहीं होगी, जेल में होगी।

**खबर संक्षेप**

### सम्मान के साथ तमांग का होगा अंतिम संस्कार

**दार्जिलिंग।** रियलिटी शो में जीत के बाद कोलकाता पुलिस के सिपाही से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान



बनाने वाले गायक-अभिनेता प्रशांत तमांग का पार्थिव शरीर सोमवार को दार्जिलिंग स्थित उनके आवास लाया गया और इस दौरान पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल रहा। तमांग का रविवार को दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

### जस्टिस पॉल होंगे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस सुजॉय पॉल को कलकत्ता हाईकोर्ट का मुख्य



न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। 9 जनवरी, आयोजित कॉलेजियम की बैठक में इस प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया। वर्तमान में वे कलकत्ता हाईकोर्ट में ही कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीशके रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### लुधियाना में ड्रम में कटा सिर मिला, दो गिरफ्तार

**लुधियाना।** जालंधर बाइपास के पास एक खाली प्लॉट में सफेद प्लास्टिक के ड्रम और बोरे में युवक



की कटी हुई लाश मिली। मृतक 35 वर्षीय दविंदर कुमार लुधियाना की भारती कॉलोनी का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के दोस्त शमशेर सिंह और उसकी पत्नी कुलदीप कौर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### कथावाचक श्रीकृष्ण शुभम की ट्रेन में मौत

**चक्रधरपुर।** कुर्ला एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के कथावाचक भागवताचार्य श्री कृष्ण



शुभम महाराज की मौत चलती ट्रेन में शौचालय के दरवाजे के सामने गिरने से हो गई। वे 31 साल के एक युवा कथावाचक के रूप में प्रसिद्ध थे और वह छत्तीसगढ़ के राजानंदगांव के निवासी थे।

चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट को कांग्रेस की चुनौती

विपक्ष का आरोप संविधान पीठ के आदेश के विरुद्ध नया बिल लाए

# सीजेआई बोले- जांच करेंगे, केंद्र व ईसी को सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े कानून में एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून से जुड़ा है मामला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है।

याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका में कहा गया कि यह प्रावधान मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है।

ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला।


याचिकाकर्ता कांग्रेस की जया ठाकुर व सुप्रीम कोर्ट

### नियुक्ति में सीजेआई को शामिल करना

2 मार्च 2023 को सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा। इसमें पीएम, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई भी शामिल होंगे। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। यह पैनल सीईसी और ईसी के नामों की सिफारिश राष्ट्रपति से करेगा। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। तब जाकर उनकी नियुक्ति हो पाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह प्रक्रिया तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती।

### नए कानून का विपक्ष जता चुका विरोध

दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। इनमें एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी, भले ही वे पद पर न हों।

**नए बिल में सीजेआई बाहर**

केंद्र सरकार सीईसी और ईसी की नियुक्ति, सेवा, शर्तें और अवधि से जुड़ा नया बिल लेकर आई। इसके तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। इसमें पीएम, लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। पैनल से सीजेआई को बाहर रखा गया। 21 दिसंबर 2023 को शीतकालीन सत्र के दौरान यह बिल संसद के दोनों सदनों में पास हो गया। विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन

कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि धारा 7 और 8 स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांत का उल्लंघन है क्योंकि यह चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए स्वतंत्र तंत्र प्रदान नहीं करता है। याचिका में कहा गया है कि यह कानून सुप्रीम कोर्ट के मार्च 2023 के फैसले को पलटने के लिए बनाया गया, जिसने सीईसी और ईसी को एकतरफा नियुक्त करने की केंद्र सरकार की शक्तियां छीन ली थीं। यह वो प्रथा है जो देश की आजादी के बाद से चली आ रही है।

### आयुक्तों की संख्या तय नहीं

चुनाव आयुक्त कितने हो सकते हैं, इसे लेकर संविधान में कोई संख्या तय नहीं की गई है। संविधान का अनुच्छेद 324 (2) कहता है कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त हो सकते हैं। यह राष्ट्रपति पर निर्भर करता है कि इनकी संख्या कितनी होगी। आजादी के बाद देश में चुनाव आयोग में सिर्फ एक चुनाव आयुक्त होता था।

दो दिन तक राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकर और पीठासीन अधिकारी करेंगे विभिन्न विषय पर चर्चा

## पीएम मोदी 15 को करेंगे राष्ट्रमंडल स्पीकरों के सम्मेलन का उद्घाटन



*लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों का 28वां सम्मेलन (सीएसपीओसी) 15 से 16 जनवरी तक नई दिल्ली में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे संसद भवन परिसर स्थित संविधान सदन के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। 28वें सीएसपीओसी का अध्यक्ष होने के नाते लोक सभा अध्यक्ष 14 जनवरी को दिल्ली स्थित लाल किले के संगीति सम्मेलन कक्ष में सायं 7:30 बजे स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

सीएसपीओसी में राष्ट्रमंडल के 53 संप्रभु देशों की राष्ट्रीय संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी शामिल हैं। इस सम्मेलन में ज्यादातर देशों ने हिस्सा लेने पर सहमति जताई है। हालांकि बंग्लादेश और पाकिस्तान सम्मेलन में नहीं आ रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता और उनकी भूमिका पर चर्चा करना है। यह सम्मेलन राष्ट्रमंडल देशों के बीच संसदीय सहयोग को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म होगा जहां विभिन्न विषयों पर चर्चा के माध्यम से आगे की दशा दिशा तय की जाएगी।

उन्होंने बताया कि भारत को यह मेजबानी का अवसर 1971, 1986 और 2010 के बाद अब 16 साल बाद प्राप्त हुआ है। सम्मेलन में स्पीकरों के बीच नवाचार, नई तकनीकों का उपयोग, और केवल मतदान तक सीमित न रहकर जनता को संसद से जोड़े रखना आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि इस बार सम्मेलन पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल होगा, यानि इसमें किसी भी कागज का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। पूरी व्यवस्था वेब-बेस्ड मैनेजमेंट तकनीक पर आधारित है, और सारा आयोजन एक ऐप के जरिए किया जा रहा है। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से सभी परिपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। बिरला ने कहा कि अब तक हुए सम्मेलनों में इस बार सबसे ज्यादा स्पीकर हिस्सा लेंगे।

सीएसपीओसी की परंपरा के अनुरूप, 17–18 जनवरी को आगंतुक प्रतिनिधियों के लिए जयपुर का सम्मेलन के बाद भ्रमण आयोजित किया जाएगा। लोक सभा अध्यक्ष ने राजस्थान सरकार के सहयोग से प्रतिनिधियों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। प्रतिनिधि 17 जनवरी को जयपुर जाएंगे तथा 18 जनवरी को दिल्ली वापस लौटेंगे।

## बजट पूर्व कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न पक्षों पर प्राप्त सुझावों की रिपोर्ट वित्त मंत्री को सौंपी

### केंद्रीय मंत्री चौहान ने दिल्ली में वित्त मंत्री सीतारमण से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने सोमवार को दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। चौहान ने हाल के सप्ताहों में देश के विभिन्न राज्यों का दौरा किया और राज्यों के अलावा दिल्ली में भी प्रगतिशील किसानों, कृषि विशेषज्ञों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी संस्थाओं तथा ग्रामीण उद्योगों एवं दोनों मंत्रालयों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से व्यापक संवाद स्थापित किया। इन चर्चाओं से प्राप्त विचारों और सुझावों को एक समग्र कृषि एवं ग्रामीण विकास के सुझाव के रूप में तैयार कर उन्होंने वित्त मंत्री को सौंपा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रामीण भारत को



आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में आगामी आम बजट किसानों और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरक होगा। चौहान भरोसा व्यक्त किया कि वित्त वर्ष 2026-27 का बजट प्रधानमंत्री के "समृद्ध किसान, सशक्त गांव" के संकल्प को साकार करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## भाजपा शासित राज्यों में दलितों पर अत्याचार बढ़ेः कांग्रेस दलितों के खिलाफ अपराधों पर योगी सरकार की उदासीनता पर सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में दलितों के खिलाफ अपराध और अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं, क्योंकि वहां अपराधियों को सरकारों का संरक्षण और संरक्षण मिल रहा है। पार्टी ने कहा कि दलितों के मामलों में कानून का समान रूप से पालन नहीं किया जा रहा है।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की एक हालिया घटना का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि एक दलित बच्ची का अपहरण कर लिया गया और उसे बचाने की कोशिश में उसकी मां की बेरहमी से हत्या कर दी गई। गौतम ने कहा कि जब वे अन्य नेताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने गए, तो स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया और पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर



दिया गया। यदि उत्तर प्रदेश सरकार अपराधियों के खिलाफ इसी तरह की सख्ती दिखाती, तो राज्य में दलितों के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर अपराध और अत्याचार नहीं होते।

गौतम ने आरोप लगाया कि योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के प्रति पूरी तरह उदासीन और भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है। जब आरोपी दलित या अल्पसंख्यक समुदाय से होता है, तो उसके घर पर तुरंत बुलडोजर चला दिया जाता है, लेकिन जब अपराधी ऊंची जाति से होता है और पीड़ित दलित या अल्पसंख्यक होते हैं, तो ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की जाती। उन्होंने टिप्पणी की, "दलितों के खिलाफ अपराध के मामलों में योगी के बुलडोजर जंग खा जाते हैं।"

कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार पर भी दलितों के खिलाफ अपराधों को हल्के में लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के बाद से दलितों पर होने वाले अत्याचारों से संबंधित कोई आंकड़ा सार्वजनिक नहीं किया गया है। गौतम ने कहा कि दलितों के खिलाफ अपराध और अत्याचार तभी रोके जा सकते हैं, जब ऐसे मामलों की समयबद्ध जांच हो, मुकदमे चलें और दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

उन्होंने दिल्ली पुलिस की भी आलोचना की, जिसने मेरठ की घटना के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर दिया और कहा कि प्रदर्शन की अनुमति के लिए दस दिन पहले आवेदन करना होता है।

# युवा नेतृत्व के लिए समर्पण, एकाग्रता और आत्मबल आवश्यक गुणः शिवराज

### विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में चौहान ने किया संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के तहत भारत मंडपम में आयोजित केंद्रीय मंत्रियों के पैनल के समक्ष प्रस्तुतियों के दौरान देशभर से आए युवा नेताओं से संवाद किया। यह सत्र डायलॉग का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा, जिसमें वरिष्ठ नीति-निर्माताओं और प्रतिभाशाली युवाओं के बीच सीधे संवाद का अवसर मिला।

इस दौरान युवा नेताओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार, नीतिगत सुझाव और ज़मीनी स्तर पर किए गए नवाचार प्रस्तुत किए। इनमें हरित और सतत विकसित भारत का निर्माण, स्मार्ट और टिकाऊ कृषि के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाना, तथा परंपरा के साथ नवाचारः



आधुनिक भारत का निर्माण जैसे विषय शामिल थे। प्रस्तुतियों में युवाओं की विविध सोच, रचनात्मकता और समस्याओं के समाधान की क्षमता स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जो समावेशी और टिकाऊ विकास की राष्ट्रीय सोच के अनुरूप है।

**कांग्रेस नेता कन्नन गोपीनाथन ने कैग रिपोर्ट का दिया हवाला**

# कांग्रेस ने की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में दस हजार करोड़ के घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कैग की रिपोर्ट में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) में सामने आए दस हजार करोड़ के घोटाले को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

कांग्रेस नेता कन्नन गोपीनाथन ने कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2015 से 2022 तक की पीएमकेवीवाई की परफॉर्मेंस ऑडिट रिपोर्ट में योजना के हर स्तर पर भयंकर घोटाला सामने आया है। योजना में कुल 14 हजार करोड़ रुपए



का प्रावधान था, जिसमें से लगभग 10 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए। 94.53 प्रतिशत लाभार्थियों के बैंक खाता के विवरण फर्जी पाए गए। 61 लाख प्रशिक्षकों का डेटा पूरी तरह खाली या गायब है; कहीं नाम दर्ज नहीं हैं, कहीं मोबाइल नंबर नहीं हैं और अन्य आवश्यक जानकारियां भी मौजूद नहीं हैं। प्रशिक्षण का मूल्यांकन करने वाले 97 प्रतिशत असेसर्स की जानकारी उपलब्ध नहीं हैं। लगभग एक करोड़ लोगों को ट्रेनिंग दिखाई गई है, जबकि प्रशिक्षुओं के ईमेल आईडी केवल एक-डेढ़ लाख ही दर्ज हैं।

गोपीनाथन ने बताया कि पांच-छह साल से बंद नीलिमा मूविंग पिक्चर्स नाम की कंपनी ने कथित तौर पर 33 हजार लोगों को ट्रेनिंग दी। एक ही फोटो को बिहार और उत्तर प्रदेश की अलग-अलग ट्रेनिंग बताकर इस्तेमाल किया गया। जयपुर कल्चरल सोसाइटी ने 31 फरवरी 2021 जैसी अस्तित्वहीन तारीख को ट्रेनिंग आयोजित करने का दावा किया और इसकी न्यूज क्लिपिंग भी सीएजी रिपोर्ट में शामिल की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में घोटालेबाज इतने कुशल हो गए हैं कि वे उस तारीख को भी काम कर रहे हैं जो कैलेंडर में होती ही नहीं। एक बंद दुकान वाली कंपनी रेडिए डिजाइन्स ने करीब 15 हजार लोगों को ट्रेनिंग देने का दावा किया। सीएजी रिपोर्ट में ऐसे कई उदाहरणों का उल्लेख है जहां बिना ईमेल आईडी, बिना फ़ोन नंबर और बिना बैंक खाते नंबर के प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं को 7 साल में 10 हजार करोड़ बांटे गए। प्रशिक्षुओं के 41 प्रतिशत प्लेसमेंट के दावे भी फर्जी हैं।

गोपीनाथन ने जोर देते हुए कहा कि यह करदाताओं का पैसा है, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ यह धोखाधड़ी सिर्फ टैक्सपेयर्स को ही नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य को नुकसान पहुंचा रही है।

## खबर संक्षेप



### रुपया डॉलर के मुकाबले बढ़कर 90.16 पर बंद

**मुंबई।** रुपया सोमवार को निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की बढ़त के साथ 90.16 (अनंतिम) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में कमी से रुपया लाभ में रहा। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि भारत में अमेरिका के नए दूत सर्जियो गोर के उस बयान के बाद शेयर बाजार की धारणा में भी सुधार हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### अदाणी समूह कच्छ में करेगा 1.5 लाख करोड़ रुपए निवेश

**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा कि अदाणी समूह अगले पांच वर्षों में गुजरात के कच्छ क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। करण अदाणी राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए आयोजित 'वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन' (वीजीआरसी) को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और कई प्रमुख उद्योगति मौजूद थे।

### एचसीएल टेक के लाभ में 11 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 11.2 प्रतिशत गिरकर 4,076 करोड़ रुपये रहा। एचसीएल ने सोमवार को शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 4,591 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ (कंपनी के मालिकों के लिए देय) दर्ज किया था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# चांदी में 'सुनामी': एक दिन में 15,000 का उछाल, गोल्ड ने भी मचाया बवाल

**नई दिल्ली।** सिर्फ देश के वायदा बाजार में ही नहीं बल्कि चांदी की सुनामी दिल्ली के सराफा बाजार में भी देखने को मिल रही है। खास बात तो ये है कि चांदी की कीमतों में एमसीएक्स के मुकाबले में दिल्ली सराफा बाजार में ज्यादा तेजी देखने को मिली है। वहीं दूसरी ओर गोल्ड की कीमतों ने भी बवाल मचा हुआ है। जिसकी वजह से दोनों कीमती मेटल्स दिल्ली सराफा बाजार में रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गए हैं। सोमवार को देश की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमतों में 15,000 रुपए की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई और यह 2,65,000 रुपए प्रति किलोग्राम के लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई।

### वैश्विक बाजार में भी सराफा तेज

इसके अलावा, 99.9 फीसदी प्योरिटी वाला गोल्ड 2,900 रुपए या 2.05 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,44,600 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह 1,41,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोने की कीमत पहली बार 4,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई।

**चांदी 2,65,000 रुपए प्रति किलोग्राम के लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई**




### सोने ने 4,600 डॉलर प्रति औंस का स्तर छुआ

लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग ने कहा, "सोने ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए 4,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस का स्तर छू लिया है, जबकि चांदी में और भी तेज उछाल आया है और यह 84 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई है, जो जोखिम-संवेदनशील वातावरण में इसकी उच्च बीटा को दर्शाता है।" अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में स्पॉट चांदी 4.3 अमेरिकी डॉलर या लगभग 6 प्रतिशत बढ़कर 84.61 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

### क्यों आई सोने और चांदी में तेजी?

ऑगमोंट की रिसर्च हेड रेनिशा चैनानी ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और इस बढ़ती उम्मीद के चलते कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों में और कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, चांदी ने 84 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस को पार करते हुए नए रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू लिया है।

### एमसीएक्स पर भी सोना-चांदी ने बनाया रिकॉर्ड?

देश के वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। खास बात तो ये है कि दोनों के दाम नए लेवल पर पहुंच गए हैं। आंकड़ों को देखें तो चांदी के दाम कारोबारी सत्र के दौरान 12,756 रुपए की तेजी के साथ 2,65,481 रुपए के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई है। वैसे शाम 6 बजकर 30 मिनट पर चांदी की कीमत करीब 12 हजार रुपए की तेजी के साथ 2,64,700 रुपए पर कारोबार कर रही है।

## खुदरा महंगाई बढ़कर तीन महीने के हाई 1.33 फीसदी पर पहुंची

# आम आदमी पर पड़ी क्रीम, शैंपू, सब्जी और दाल की मार, 3 महीने की ऊंचाई पर पहुंची महंगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भले ही जीएसटी रिफॉर्म के बाद काफी प्रोडक्ट्स की कीमतों में गिरावट देखने को मिली हो और महंगाई के आंकड़ों में कमी आई हो, लेकिन दिसंबर के महीने में रिटेल महंगाई 3 महीने के हाई पर पहुंच गई है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स यानी शैंपू, क्रीम, नहाने का साबुन और बाकी प्रोडक्ट्स की कीमतों में इजाफा होने से रिटेल महंगाई में इजाफा देखने को मिला है।

**दूसरी और सब्जियों, मीट व फिश की डिमांड ने महंगाई बढ़ाई**

वहीं दूसरी ओर सब्जियों की कीमतों में तेजी और सर्दियों में मीट और फिश की बढ़ती डिमांड की वजह से कीमतों में आई तेजी ने भी रिटेल महंगाई को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है।

**नवंबर में खुदरा महंगाई 0.71 प्रतिशत पर थी**

### महंगाई चार फीसदी पर बनी रही

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 के दौरान प्रमुख महंगाई और फूड इंफ्लेशन में वृद्धि मुख्य रूप से पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स और प्रभाव, सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, मसालों तथा दालों एवं उनके उत्पादों की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण हुई है। दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति लगातार चौथे महीने भारतीय रिजर्व बैंक की निचली संतोषजनक सीमा से नीचे रही।



### शहरी महंगाई

शहरी क्षेत्र की खाद्य महंगाई नवंबर 2025 के 1.40 फीसदी से बढ़कर दिसंबर 2025 में 2.03 फीसदी (अस्थायी) हो गई। खाद्य महंगाई में भी वृद्धि देखी गई है, जो नवंबर 2025 में -3.60 फीसदी से बढ़कर दिसंबर 2025 में -2.09% (अस्थायी) हो गई है।

### इन पांच राज्यों में बढ़ी सबसे ज्यादा महंगाई

अगर बात राज्यों की करें तो सबसे ज्यादा महंगाई केरल में बढ़ती हुई दिखाई दी है। आंकड़ों को देखें तो केरल में रिटेल महंगाई 9.49 फीसदी देखने को मिली है। उसके बाद कर्नाटक में महंगाई 2.99 फीसदी रही, जो अभी भी आरबीआई के 4 फीसदी के लोअर बैंड से नीचे है। आंध्र प्रदेश में महंगाई का आंकड़ा 2.71 फीसदी देखने को मिला। जबकि तमिलनाडु में 2.67 फीसदी और जम्मू-कश्मीर में महंगाई का आंकड़ा 2.26 फीसदी देखने को मिला है।

### महंगाई को लेकर प्रमुख आंकड़े

**रिटेल महंगाई:** सीपीआई पर आधारित दिसंबर 2025 के लिए दिसंबर 2024 की तुलना में सालाना महंगाई दर 1.33 फीसदी देखने को मिली। नवंबर 2025 की तुलना में दिसंबर 2025 की रिटेल महंगाई में 62 बेसिस प्वाइंट्स की वृद्धि हुई है।

**खाद्य महंगाई:** सीएफपीआई पर आधारित दिसंबर 2025 के लिए दिसंबर 2024 की तुलना में सालाना फूड इंफ्लेशन -2.71 फीसदी (अस्थायी) है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से संबंधित महंगाई दर क्रमशः -3.08 फीसदी और -2.09 फीसदी हैं। नवंबर 2025 की तुलना में दिसंबर 2025 में फूड इंफ्लेशन में 120 आधार अंकों की वृद्धि देखी गई है। दिसंबर 2025 के महीने के दौरान रिटेल महंगाई और फूड महंगाई में वृद्धि मुख्य रूप से पर्सनल केयर और सामान, सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, मसालों और दालों और प्रोडक्ट्स की महंगााई में वृद्धि के कारण हुई है।

**ग्रामीण महंगाई:** दिसंबर 2025 में ग्रामीण क्षेत्र में रिटेल महंगाई और खाद्य महंगाई में वृद्धि देखी गई। दिसंबर 2025 में खाद्य महंगाई 0.76% (अस्थायी) रही, जबकि नवंबर 2025 में यह 0.10 फीसदी थी। सीएफपीआई आधारित खाद्य महंगाई दिसंबर 2025 में -3.08% (अस्थायी) रही, जबकि नवंबर 2025 में यह -4.05 फीसदी थी।

**आवास महंगाई:** दिसंबर 2025 के लिए वार्षिक आधार पर आवास महंगाई दर 2.86% (अस्थायी) है। नवंबर 2025 के लिए यह दर 2.95% थी। हाउसिंग इंडेक्स केवल शहरी क्षेत्र का संकलित किया गया है।

**एजुकेशन महंगाई:** दिसंबर 2025 के लिए वार्षिक आधार पर एजुकेशन महंगाई दर 3.32% (अस्थायी) है। नवंबर 2025 के लिए यह दर 3.38 फीसदी थी।

## इंडियनऑयल-मारुति सुजुकी का पेट्रोल पंपों पर वाहन सर्विस नेटवर्क विस्तार के लिए समझौता



**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और देश की अग्रणी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, देश भर में चुनिंदा इंडियनऑयल पेट्रोल पंपों पर मारुति सुजुकी सर्विस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यह सहयोग इंडियनऑयल के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क का लाभ उठाकर विभिन्न मारुति सुजुकी सर्विस सेंटर स्थापित करने में सहायक होगा। इससे ग्राहकों को अपनी मारुति सुजुकी कारों के लिए नियमित आवधिक रखरखाव और छोटी-मोटी मरम्मत की सुविधा उन्हीं स्थानों पर मिलेगी जहां वे ईंधन भरवाते हैं, जिससे उन्हें अधिक कुशल और सुगम अनुभव प्राप्त होगा। इंडियनऑयल अपनी व्यापक खुदरा उपस्थिति के साथ मारुति सुजुकी के 5,780 से अधिक सर्विस केंद्रों को और मजबूत करेगा।

## मालीगांव में 70वां जोनल रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह आयोजित





**मालीगांव।** मालीगांव स्थित रंग भवन में 70वां जोनल रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह 10 जनवरी, 2026 को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में आयोजित हुआ। इस समारोह में पू. सी. रेलवे मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और अपने-अपने क्षेत्र में लगन और बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी। पू. सी. रेलवे के पांच मंडलों और मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी बेहतरीन सेवा, प्रोफेशनल उत्कृष्टता और दक्षता, संरक्षा और यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रतिष्ठित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (वीआरएसपी), 2025 से सम्मानित किया गया। कुल 49 पुरस्कार विजेताओं को उनके समर्पण और विभिन्न कार्य क्षेत्रों में शानदार परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया गया।

### सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग 27 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने बताया कि घरों की मांग के लिए प्रमुख त्योहारी सत्र होने के बावजूद दिसंबर तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग 27 प्रतिशत घटकर 2,020 करोड़ रुपये रह गई।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई उम्मीद**

# शेयर बाजार ने पांच दिनों की गिरावट का सिलसिला तोड़ा, सेंसेक्स 302 अंक मजबूत




एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले पांच कारोबारी सत्रों में भारी गिरावट के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स में 302 अंक की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 107 अंक चढ़ गया। कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई उम्मीद जगने और ऊर्जा, बैंकिंग एवं धातु शेयरों में निचले स्तरों पर खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। हालांकि भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने तेजी को सीमित रखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बाद 301.93 अंक चढ़कर 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में एक समय यह 715.17 अंक गिरकर 82,861.07 अंक तक फिसल गया था लेकिन बाद में यह संभला और बढ़त लेने में सफल रहा। वहीं, निफ्टी 106.95 अंक की बढ़त के साथ 25,790.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। इसके उलट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

■ ऊर्जा, बैंकिंग एवं धातु शेयरों में खरीदारी से बाजार को सहारा

### निवेशकों की धारणा में आया सुधार

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी राजदूत की टिप्पणियों से निवेशकों की धारणा में सुधार हुआ और हाल की गिरावट के बाद उपभोक्ता एवं बैंकिंग शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी देखने को मिली।

### एशियाई बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 प्रतिशत टूटकर 63.17 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### नई दिल्ली राइट्स टेबल 2026 का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 की एक प्रमुख बिज़नेस-टू-बिज़नेस पहल नई दिल्ली राइट्स टेबल का आज भारत मंडपम में शुभारंभ हुआ। इस पहल के माध्यम से एनडीडब्ल्यूबीएफ ने अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन व्यापार और राइट्स एक्सचेंज के एक महत्वपूर्ण वैश्विक मंच के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा संचालित एनडीआरटी प्रकाशकों को विभिन्न भाषाओं और क्षेत्रों में अनुवाद तथा वितरण अधिकारों पर बातचीत के लिए एक सुव्यवस्थित बाजार उपलब्ध कराता है। विशेष रूप से एक पेशेवर व्यावसायिक मंच के रूप में डिजाइन किए गए एनडीआरटी (नई दिल्ली राइट्स टेबल) 2026 में कुल 85 प्रकाशक भाग ले रहे हैं, जिनमें लगभग 40 विदेशी प्रकाशक शामिल हैं।

### गेल ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को दिया समर्थन

**नई दिल्ली।** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 के तहत देश व्यापी नॉनस्टॉप जिंदगी अभियान में भागीदारी की है। यह अभियान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड द्वारा चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पूरे देश में पाइप से मिलने वाली प्राकृतिक गैस और संपीड़ित प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देना है। यह अभियान प्राकृतिक गैस से जुड़े सभी प्रमुख पक्षों की एकजुटता को दर्शाता है, जो घरों, व्यापार, उद्योग और परिवहन क्षेत्र के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर ऊर्जा समाधान अपनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 का आयोजन 1 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसके तहत वर्ष 2030 तक देश की ऊर्जा खपत में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक बढ़ाई जानी है।

## ग्लोबल सोलर एक्सपो: सौर ऊर्जा से बदलता भारत, व्यापार और घरों के लिए सुनहरा अवसर


**रायपुर।** भारत तेज़ी से स्वच्छ और हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, और सौर ऊर्जा इस परिवर्तन का सबसे बड़ा आधार बनकर उभरी है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं, बढ़ती बिजली लागत और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता ने सोलर को आज सबसे लाभकारी निवेश बना दिया है। इसी कड़ी में ग्लोबल सोलर एक्सपो जैसे बड़े आयोजन देश में सोलर बिज़नेस, निवेश और तकनीक को नई दिशा दे रहे हैं। व्यवसायों के लिए सोलर: लागत कम, मुनाफ़ा ज़्यादा आज एमएसएमई, फैक्ट्रियाँ, कमर्शियल बिल्डिंग्स और इंडस्ट्रियल यूनिट्स सोलर पावर अपनाकर 30% से 70% तक बिजली बिल की बचत कर रही हैं। 4–5 वर्षों में पूरा निवेश वसूल 25 वर्षों तक लगभग मुफ़्त बिजली कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी ईएसजी और सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों की पूर्ति नेट मीटरिंग की सुविधा के कारण अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर अतिरिक्त आय भी संभव है।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा पठानकोट जोगिंदरनगर नैरो गेज सेक्शन का निरीक्षण



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री अशोक कुमार वर्मा ने आज दिनांक 12 जनवरी 2026 को सबसे पहले जम्मू मंडल के पठानकोट सिटी रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान जम्मू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, श्री विवेक कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।जिसमें उन्होंने सबसे पहले पठानकोट रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर कार्यालय, बुकिंग, रिटायरिंग रूम व स्टेशन पर चल रहे, पुनर्विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। साथ पुनर्विकास कार्यों में संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए। इसके बाद महाप्रबंधक ने पठानकोट-जोगिंदरनगर नैरो गेज (762 मिमी) रेलवे लाइन के महत्वपूर्ण खंड के मुख्य रेलवे स्टेशन जिसमें नूरपुर रोड, तलारा, ज्वाली का भी विस्तृत निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य सुरक्षा मानकों की समीक्षा करना, यात्री सुविधाओं का मूल्यांकन करना और इस ऐतिहासिक मार्ग के आधुनिकीकरण की संभावनाओं का पता लगाना था। महाप्रबंधक ने नेरों गेज सेक्शन में आने वाले ट्रैक, पुलों, स्टेशनों और सिग्नलिंग प्रणालियों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की और लाइन के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तृत जानकारी ली।

## शब्द पहेली - 6107




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका–4
5.रपटना –4
9.डोली उठानेवाले–3
10.पुत्र,लड़का–3
12.अधिकार–2
14.नवीन,नया–2
15.एक विदेशी शराब–2
16.कला,हुनर–2
17.मां का प्यार–3
19.दम,बल,जोर–3
21.पपीहा,पपीहरा–3
22.करामात,कारनामा–4
24.शमशीर,कृपाण–4
25.तरंगित,लहरीय–5
26.बोरिया–बिस्तर–4
29.साले की पत्नी–4
33.प्रयास,यत्न–3
34.सहायता,सहयोग–3
36.लीन,तल्लीन–3
37.गहन वन,बुनाई कर्म–2
38.टुकड़ा,कण–2
39.मैं का बहुवचन–2
41.भीगा हुआ–2
42.अंधकार,अंधेरा–3
43.द्रव मापने की इकाई–3
45.प्राचीर,स्तंभ–4
46.बादला,जरबाफ–4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार–2
3.जगत,दुनिया–3
4. सुनसान शांति,–4
5.आदत–4
6.साजन, बालम–3
7.क्रमबद्धता–2
8.मूर्ख,बेवकूफ–4
11.बुनाई करने वाला–4
13.कटि,मध्यांग–3
16.धार्मिक आज्ञा–3
18.पितामह–2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण –5
21.चलने का ढ़ंग–2
23.पिया,साजन–3
24.दया,रहम–3
26.बेमिसाल, अनूठा–4
27.स्वदेश,मातृभूमि–3
28.जनता,आम लोग –2
30.मैं का बहुवचन–2
31.अभिरुचि,तल्लीनता–3
32.जनता की राय–4
34.उपाधि,पदवी–4
35.देहरी,चौखट–4
38.कक्ष,रूम–3
40.बटाणा,काबुली–3
42.स्तर,परत–2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान–2

**शब्द पहेली- 6106 का हल**





## विजय हजारे ट्रॉफी : मुंबई को 54 रन से करना पड़ा हार का सामना

# कर्नाटक लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पड़िक्कल और नायर ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

गत चैंपियन कर्नाटक ने वर्षाबाधित मैच में वीजेडी पद्धति के जरिए मुंबई को 54 रन से हराकर लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बना चुके देवदत्त पडिक्कल ने 95 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 81 रन बनाए जबकि भारत के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने 80 गेंद में नाबाद 74 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल थे। कर्नाटक ने जीत के लिए 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बारिश होने तक 33 ओवर में एक विकेट पर 187 रन बना लिए थे। उस समय वीजेडी प्रणाली से लक्ष्य 132 रन था और कर्नाटक 55 रन आगे था, जिससे उसे विजेता घोषित किया गया।



### सरफराज टूर्नामेंट से बाहर

इससे पहले मुंबई को करारा झटका लगा जब अभ्यास के दौरान ऊंगली में चोट के कारण उसके शीर्ष बल्लेबाज सरफराज खान (303 रन) टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उनकी गैर मौजूदगी में मुंबई आठ विकेट पर 254 रन ही बना सके। शम्स मुलानी ने 86 रन बनाए जबकि सिद्धेश लाड ने 38 रन का योगदान दिया। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि अभिलाष शेट्टी और विद्वत कावेरप्पा ने दो-दो विकेट चटकाए।

## सौराष्ट्र सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को हराया

**बेंगलुरु।** कप्तान हार्विक देसाई के नाबाद शतक से सौराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को वर्षा से बाधित मैच में वीजेडी पद्धति के तहत 17 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उत्तर प्रदेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 310 रन बनाए। इसके जवाब में जब सौराष्ट्र ने 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया और सौराष्ट्र को वी जयदेवन (वीजेडी) पद्धति के तहत विजेता घोषित किया गया। सौराष्ट्र की ओर से कप्तान देसाई ने 116 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने प्रेरक मांकड़ (66 गेंद में 67 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की पारी खेली। देसाई ने इसके बाद चिराग जानी (नाबाद 40, 31 गेंद) के साथ चौथे विकेट के लिए 76 रन की अटूट साझेदारी की। देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के मारे।

### अभिषेक और रिज्वी ने जड़े अर्धशतक

उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक गोस्वामी (88) और समीर रिज्वी (88) ने अर्धशतक जड़े। गोस्वामी ने अपनी पारी में 12 चौके मारे जबकि समीर ने 10 चौके और दो छक्के जड़े। समीर ने प्रशांत वीर (30) के साथ 50 जबकि गोस्वामी के साथ 45 रन की साझेदारी की। कप्तान रिंकू सिंह (13) ने हालांकि निराश किया। प्रियम गर्ग ने भी 35 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया ने 54 रन पर तीन विकेट चटकाए। अंकुर पंवार और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो विकेट चटकाए।

आईसीसी ने बीसीबी की मांग को किया खारिज

## बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे अपने टी-20 वर्ल्ड कप के मैच

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को संकेत दिया कि वह भारत में होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबलों के स्थल को बदलने की बांग्लादेश की मांग को खारिज कर दिया। आईसीसी ने देश की सुरक्षा चिंताओं पर एक आकलन रिपोर्ट में खतरे की आशंका को 'कम' बताया गया है। आईसीसी के सूत्रों के अनुसार वैश्विक संचालन संस्था की जोखिम आकलन रिपोर्ट में सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में बांग्लादेश




टीम के हिस्सा लेने पर किसी विशिष्ट या सीधे खतरे का जिक्र नहीं किया गया है। यह बांग्लादेश के खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल के इस दावे का भी खंडन करता है कि मुस्ताफिजुर रहमान को टीम में शामिल करने से खतरे में बढ़ोतरी होगी। बांग्लादेश को भारत में लीग चरण के चार मैच खेलने हैं। आईसीसी के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''यह स्पष्ट करना जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा किए गए आईसीसी के स्वतंत्र जोखिम आकलनों से यह नतीजा नहीं निकलता कि बांग्लादेश भारत में अपने तय मैच नहीं खेल सकता।'' सूत्र ने कहा, ''भारत में टूर्नामेंट के लिए कुल मिलाकर सुरक्षा जोखिम को कम से मध्यम आंका गया है जो कई बड़ी वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं के प्रोफाइनल के अनुरूप है।

## बार्सिलोना ने फिर जीता स्पेनिश सुपर कप का खिताब

**जेद्दा।** राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा दे गई। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया।




एएसबी क्लासिक

## भांबरी-गोरानसन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची




एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में सीधे सेटों में जीत हासिल करके पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन ने पहले दौर के मैच में अजीत राय और जीन जूलियन रोजर की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी को 6-3 6-2 से हराया। भांबरी और गोरानसन ने पूरे मुकाबले के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण का प्रदर्शन किया।



### भांबरी-गोरानसन ने बनाया दबदबा

भांबरी और गोरानसन की जोड़ी ने अपनी सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट लेकर मैच को एक घंटे से कुछ अधिक समय में ही समाप्त कर दिया। इस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले अपनी शानदार फॉर्म का भी सबूत पेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मुकाबले में चार ब्रेक प्वाइंट में से तीन को बचाया और अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को चार बार तोड़ा। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण है।

## श्रीलंका ने घरेलू मैदान में 14 साल बाद चखा जीत का स्वाद, पाक को दी मात

**दांबुला।** कप्तान दासुन शनाका की आतिशी पारी और स्पिनर वानिंदु हसरंगा की शानदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने तीसरे औरअंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 14 रन से हराकर घरेलू मैदान पर जीत के 14 साल के सूखे को समाप्त करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। बारिश से प्रभावित मैच में शनाका ने नौ गेंदों में 34 रन बनाने में पांच छक्के जड़े, जिससे श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद निर्धारित 12 ओवरों में छह विकेट पर 160 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने केवल 12 गेंदों



में 45 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद श्रीलंका के तेज गेंदबाजों मथीशा पथिराना (34 रन देकर दो विकेट) और ईशान मलिंगा (27 रन देकर एक विकेट) ने आखिर में दो किफायती ओवर फेंके जबकि हसरंगा ने 35 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान की टीम आठ विकेट पर 146 रन ही बना पाई।

## हैरिस ने आरसीबी को यूपी पर नौ विकेट से जीत दिलाई

**नवी मुंबई।** ग्रेस हैरिस के 40 गेंद में 85 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हरा दिया। यूपी वारियर्स ने डिएंड्रा डोटिन और दीप्ति शर्मा की पारियों के दम पर शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए पांच विकेट पर 143 रन बनाये थे। जवाब में हैरिस ने सत्र का सबसे तेज अर्धशतक 22 गेंद में पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में दस चौके और पांच छक्के जड़े। लगातार दूसरी जीत के साथ पूर्व चैम्पियन आरसीबी अब तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। कप्तान स्मृति मंधाना ने 32 गेंद में नौ चौकों की मदद से नाबाद 47 रन बनाये जिसमें नौ चौके शामिल थे। दोनों ने पहले विकेट के लिये 137 रन की साझेदारी करके मुकाबले को एकतरफा बना दिया। आरसीबी ने 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैरिस ने डोटिन के एक ओवर में 32 रन ले डाले जो निर्णायक साबित हुए। उन्होंने पहले नोबॉल पर चौका लगाया जिसके बाद तीन छक्के और दो चौके जड़े। लेग स्पिनर आशा शोभना के ओवर में उन्होंने 17 रन लिये।






## खबर संक्षेप

### मस्क को झटका, मलेशिया ने भी बंद किया ग्रोक

**न्यूयॉर्क।** अरबपति एलन मस्क को बड़ा झटका लगा है। वजह ये है कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, मलेशिया



और इंडोनेशिया ने अपने यहां ग्रोक एआई चैटबॉट को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, इस टूल का इस्तेमाल महिलाओं और नाबालिगों की अश्लील, गैर-सहमति वाली और एडिटेड तस्वीरें बनाने में किया जा रहा था, जो गंभीर चिंता का विषय है। ग्रोक का इस्तेमाल वेबसाइट और एप से किया जा सकता है, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी यूज किया जा सकता है। एक्स पर ग्रोक का इस्तेमाल कर महिलाओं की अश्लील डीपफेक तस्वीरें बनाई गईं। आरोप है कि बेहद वास्तविक दिखने वाली तस्वीरें, ऑडियो और टेक्स्ट तैयार कर सकता है।

### विश्व स्तर पर भारत की आवाज जरूरीः जुआन

**नई दिल्ली।** भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि



हमें लगता है कि भारत जैसे देशों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत आवाज बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत एक बढ़ता हुआ देश है, यह दक्षिण का देश है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के शब्दों का वजन महत्वपूर्ण होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय नेताओं के भारत आने से जी20 में भारत का नेतृत्व बहुत जरूरी हो गया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग का अब तक कई देशों ने समर्थन किया है। भारत और चिली एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के आखिरी चरण में हैं।

### जीर्णोद्धार का काम भारत की सहायता से शुरू हुआ

**कोलंबो।** चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत की सहायता से उत्तरी रेलवे ट्रैक की मरम्मत का



काम शुरू हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत ने महावा जंक्शन से ओमानथाई तक चक्रवात से क्षतिग्रस्त उत्तरी रेलवे लाइन के पूर्ण पुनर्निर्माण के लिए पूरी सहायता देने का आश्वासन दिया है। भारत ने पुनर्निर्माण सहायता और संपर्क बहाल करने के लिए 28 नवंबर को 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया था। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि काम शुरू किया है।

### ईरान बोला- योजना के तहत हो रहे हमले

# ये महज प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग, अब तक 544 की मौत

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे ऑडियो रिकॉर्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान सरकार प्रदर्शनों को रोकने के लिए रेड लाइन पार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'कड़े विकल्पों' पर विचार कर रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान में प्रदर्शनकारियों के साथ जो हो रहा है, उस पर अमेरिका की नजर है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान रेड लाइन पार कर चुका है, तो उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा है कि वे ऐसा करने लगे हैं।





**ईरान विरोधी रैली में ट्रक घुसा**

अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की। घटना रविवार दोपहर लॉस एंजिलिस में हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, यह साफ नहीं है। लेकिन घायलों का इलाज अभी भी चल रहा है।

### छात्रों को अधिक दस्तावेजी सबूत देने होंगे

## आस्ट्रेलिया ने भारत सहित कई देशों को 'हाई रिस्क कैटेगरी' में डाला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने भारत, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के छात्रों के लिए वीजा नियमों को सख्त करते हुए उन्हें 'हाई रिस्क' कैटेगरी में डाल दिया है।

इन देशों को अब 'एविडेंस लेवल-2' से हटाकर 'लेवल-3' में रखा गया है, जिसका सीधा अर्थ है कि अब छात्रों को अधिक दस्तावेजी सबूत देने होंगे और उनकी गहन जांच की जाएगी। इस बदलाव के तहत, भारतीय छात्रों के बैंक स्टेटमेंट्स का मैन्युअल वेरिफिकेशन होगा और उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बारीकी से जांच की जाएगी। साथ ही, अंग्रेजी भाषा की दक्षता के लिए अतिरिक्त प्रमाण मांगे जा सकते हैं और वीजा अधिकारियों को संस्थानों से सीधे संपर्क करने का अधिकार होगा।

यह कदम विशेष रूप से फर्जी वित्तीय और शैक्षणिक दस्तावेजों के बढ़ते मामलों को देखते हुए उठाया गया है। ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में लगभग 1.4 लाख भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जो कुल अंतरराष्ट्रीय छात्रों का एक बड़ा हिस्सा हैं। अमेरिका, यूके और कनाडा द्वारा विदेशी छात्रों के लिए नियम कड़े करने के बाद ऑस्ट्रेलिया में आवेदनों की संख्या बढ़ी है।




## पाकिस्तान में आईईडी से विस्फोट, छह पुलिसकर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶ पेशावर

उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में सोमवार को पुलिस के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में एक वरिष्ठ अधिकारी सहित कम से कम छह पुलिसकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में गश्त कर रहे वाहन को परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से निशाना बनाया गया। पुलिस ने बताया कि इस विस्फोट में एक थाना प्रभारी (एसएचओ), एक उप निरीक्षक, 'एलीट फोर्स' के तीन जवान और एक चालक की मौत हो गई। घायल तीन जवानों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रांतीय मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने हमले की निंदा करते हुए इसे 'अत्यंत दुखद' और 'निंदनीय' करार दिया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि शांति विरोधी तत्व पुलिस बल पर हमला कर अपने नापाक मंसूबों में कभी सफल नहीं होंगे। इसी बीच, खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने हमले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने इस क्षति पर गहरा शोक और दुख व्यक्त किया तथा मारे गए पुलिसकर्मियों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एक अन्य घटना में, लक्की मारवत जिले में आईईडी विस्फोट में एक एसएचओ और दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) को निशाना बनाने के मकसद से एक पुल के पास यह हमला किया गया। इससे पहले, बन्नू जिले में आतंकवादियों ने नाला काशो पुलिस चौकी पर हमला करने का प्रयास किया।

डेनमार्क को कोई प्रस्ताव नहीं दिया लेकिन ग्रीनलैंड पर डील होना चाहिए

## ट्रंप ने फिर दोहराई ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात बोले- नाटो को ज्यादा जरूरत अमेरिका की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ग्रीनलैंड को हासिल करने की बात कही है। डेनमार्क की भूमिका को खारिज करते हुए उन्होंने चेतावनी दी है कि आर्कटिक द्वीप पर रूस या चीन का प्रभाव हो सकता है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने ग्रीनलैंड या डेनमार्क को कोई ठोस प्रस्ताव दिया है, तो उन्होंने जवाब दिया, मैंने ऐसा नहीं किया है, लेकिन ग्रीनलैंड को यह डील करनी चाहिए क्योंकि ग्रीनलैंड नहीं चाहता कि रूस या चीन इस पर कब्जा करें। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि ग्रीनलैंड को डील करनी चाहिए क्योंकि उसकी मौजूदा सुरक्षा बहुत कम है। उन्होंने कहा, क्या आप जानते हैं कि उनकी रक्षा रणनीति क्या है? इसी बीच आपके पास रूसी डिस्ट्रॉयर और सबमरीन और चीन के डिस्ट्रॉयर और सबमरीन सब जगह हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। अगर इससे नाटो पर असर पड़ता है, तो नाटो पर असर पड़ेगा, लेकिन आप जानते हैं कि उन्हें हमारी जरूरत हमसे ज्यादा है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी कथित तौर पर ग्रीनलैंड में आर्कटिक सुरक्षा के लिए एक संयुक्त नाटो मिशन की योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं।





**रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाएंगे ट्रंप**

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीखी बयानबाजी करते हुए क्यूबा पर हमले के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने क्यूबा को धमकाते हुए डील फाइनल करने या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाने को 'अच्छा विचार' बताकर नया विवाद भी पैदा कर दिया है। ट्रंप का यह बयान उनकी ओर से दुनिया के कई देशों को दी जा रही धमकियों की कड़ी में आया है। अमेरिका हाल ही में वेनेजुएला में हमला कर चुका है। ट्रंप ने ईरान और ग्रीनलैंड पर अटैक की बात भी कही है। डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा से कहा है कि डील में ज्यादा देर करना उनके लिए बुरा साबित होगा। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि क्यूबा को वेनेजुएला से तेल और पैसे का फ्लो अब बंद हो जाएगा।*




### परीक्षण के दौरान एक मूविंग टारगेट पर लगा सटीक निशाना

# टैंक को खोजकर धवस्त करने वाली मिसाइल का परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की रक्षा तकनीक में एक और बड़ी उपलब्धि। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने रविवार को महाराष्ट्र के अहिल्या नगर के केके रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। यह मिसाइल टॉप अटैक मोड में चलते हुए टारगेट (मूविंग टैंक) को मारने में पूरी तरह सफल रही। यह भारत की सेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह आधुनिक मुख्य युद्ध टैंकों को आसानी से नष्ट कर सकती है। यह एक मिसाइल तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट मिसाइल है। इसका मतलब है कि सैनिक मिसाइल छोड़ने के बाद उसे गाइड नहीं करना पड़ता-मिसाइल खुद ही लक्ष्य को ढूंढकर मारती है। यह मिसाइल बहुत हल्की है, जिसे एक सैनिक आसानी से कंधे पर उठाकर ले जा सकता है।



मिसाइल प्रक्षेपण

**सटीक लगा निशाना**

डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी ने इस टेस्ट को अंजाम दिया। टारगेट के रूप में एक थर्मल टारगेट सिस्टम इस्तेमाल किया गया, जिसे जोधपुर की डिफेंस लेबोरेटरी ने बनाया था। यह सिस्टम एक चलते हुए टैंक की तरह दिखता और महसूस होता है। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में चलते टारगेट को सटीक निशाना लगाकर सफलतापूर्वक नष्ट किया।

**ये हैं मुख्य विशेषताएं**

- **टॉप अटैक मोड:** मिसाइल टैंक के ऊपर से (टॉप) हमला करती है, जहां टैंक की सबसे कमजोर जगह होती है (टैंक का ऊपरी हिस्सा पतला होता है)।
- **इमेजिंग इन्फ्रारेड होमिंग सीकर:** दिन और रात दोनों में काम करती है. यह थर्मल इमेजिंग से टारगेट को देखती है।
- **टैंडम वॉरहेड:** दो विस्फोटक हेड्स- पहला टैंक के रिएक्टिव आर्मर को तोड़ता है, दूसरा मुख्य बॉडी को नष्ट करता है। आधुनिक टैंकों को भी हरा सकती है।
- **ऑल इलेक्ट्रिक कंट्रोल सिस्टम:** बहुत तेज और सटीक।
- **उच्च प्रदर्शन साइटिंग सिस्टम:** सैनिक को टारगेट साफ दिखाई देता है।

**मिसाइल बनाने में योगदान**

- रिसर्च सेंटर इमरत (आरसीआई), हैदराबाद - सीकर और गाइडेंस
- टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ - वॉरहेड टेस्टिंग
- हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी, पुणे - विस्फोटक सामग्री
- इंस्ट्रूमेंट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, देहरादून - साइटिंग सिस्टम

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109